RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक
# श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
वर्ष- 14, अंक - 12 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 24 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## विधायक देवेन्द्र ने माता कौशल्या धाम में जलाए 31 हजार दीपक, आतिशबाजी से चमक उठा आसमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** माता कौशल्या का मायका और भगवान राम के ननिहाल चंदखुरी धाम को दीपावली की पूर्व संध्या व रूप चौदस के मौके पर हजारों दीयों से रोशन हुआ। दीपावली की पूर्व संध्या पर भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में राजीव युवा मितान क्लब के लगभग 200 सदस्यों ने माता कौशल्या धाम चंदखुरी स्थित मंदिर प्रांगण में सफाई के बाद 31 हजार दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया। इस दौरान भव्य आतिशबाजी भी की गई। दीप दान के लिए चंदखुरी समेत आसपास के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में पहुंचे थे।



बता दें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राम वन गमन परिपथ के चिन्हित स्थलों से मे माता कौशल्या माता मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है। आज यहां रायपुर समेत अनेक जिलों से राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य यहां दीप दान के लिए पहुंचे थे। दीप दान से पूर्व राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने पहले माता कौशल्या धाम चंदखुरी में मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। फिर रंगोली व फूलों से परिसर को सजाया। वहीं संध्या बेला में माता कौशल्या मंदिर प्रांगण को 31 हजार दीयों से रोशन किया गया। दीयों की सजावट से ही 'जय सिया राम उकेरा गया। दीप दान के पश्चात रंग-बिरंगे पटाखों से आतिशबाजी कर चंदखुरी के आसमान को जगमग किया गया।

### बन रहा है राम वन पथ गमन परिपथ

इसके लिए राम वन पथ गमन मार्ग के कुल 75 स्थलों का चयन किया गया है, जिसमें से प्रथम चरण में 9 स्थलों का भव्य पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत माता कौशल्या धाम से की गई है। मुख्यमंत्री श्री बघेल की पहल पर ही विश्व में एकमात्र माता कौशल्या के मंदिर का जीर्णोद्धार व आकर्षक सौंदर्यीकरण कराया गया है। दूसरे स्थल के रूप में माता शबरी की नगरी शिवरीनारायण को भी विकसित किया जा चुका है। कार्यक्रम के दौरान आरपी सिंह, राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्वयक सुमित साव, रोमा भारद्वाज, अंकित बागबाहरा, आशीष चंद्राकर समेत सभी क्लब समन्वय व 200 की संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

### धर्मस्थल होर हा विकसित

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे चंदखुरी को माता कौशल्या की जन्मभूमि माना जाता है। इस लिहाज से चंदखुरी भगवान राम का ननिहाल के रूप में प्रसिद्ध है। भगवान राम ने अपने बाल्यपन का काफी समय भी अपने ननिहाल में बिताया है। वहीं वनवास के 14 वर्ष में से लगभग 10 वर्ष की अवधि वे छत्तीसगढ़ के अलग-अलग स्थानों पर रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भगवान राम की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने और उन स्थलों के धार्मिक महत्व को समझते हुए उन्हें धर्मस्थल के साथ ही पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का काम शुरू किया है।

ओम सांई राम
सुरभि बोरवेल्स
SURBHI BORWELL'S
7, 6 एवं 4.5 नलकूप खनन हेतु संपर्क करें
संदीप मिश्रा
मो.-9826106555, 9329023102
रिसाली, कृष्णा टॉकीज रोड, डॉ. विपिन अरोरा के बाजू में, एक्सिस बैंक के एटीएम के पीछे, भिलाई (छ.ग.)

### खास खबर

#### राज्यपाल के आदेश को चुनौती देने हाईकोर्ट पहुंचे सभी नौ कुलपति, मांगा गया है इस्तीफा

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल के नौ विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने इस्तीफा देने के राज्यपाल आरिफमोहम्मद खान के आदेश को चुनौती देते हुए केरल उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। सभी कुलपतियों ने इस्तीफे पर रोक लगाने की मांग की है। केरल उच्च न्यायालय याचिकाओं पर विचार करने के लिए आज शाम 4 बजे विशेष बैठक करेगा। बता दें कि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों के विपरीत सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के मद्देनजर राज्य के नौ विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर से सोमवार सुबह तक इस्तीफा देने को कहा है। वहीं इस मामले पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी आने लगी हैं। केरल के उच्च शिक्षा मंत्री आर बिंदू ने राज्यपाल के इस कदम की निंदा करते हुए कहा कि क्या इतिहास में देश के किसी राज्यपाल ने इस तरह से किए हैं? इसे सरकारी गतिविधियों में हस्तक्षेप करने के प्रयास के रूप में देखा जा सकता है।

करगिल में पीएम मोदी ने दिया आत्मनिर्भरता का मंत्र, कहा-

## स्वदेशी हथियार इस्तेमाल होगा तो दुश्मन का हौसला कुचल देगा जवान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दीपावली के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार की सुबह जम्मू कश्मीर के करगिल पहुंचे। यहां सेना के जवानों को दिवाली की बधाई दी और उनके साथ दिवाली की खुशियां भी मनाई। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा है कि उनका परिवार सेना के जवान हैं, उन्हें उनके साथ दिवाली मनाना उन्हें अच्छा लगता है। पीएम ने इसी कड़ी में आत्मनिर्भरता का भी मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि अगर देश का जवान स्वदेशी हथियार का इस्तेमाल करेगा तो दुश्मन का परास्त होना तो तय होगा ही, जवान का हौसला भी दस गुना बढ़ जाएगा।


इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि असल में दिवाली का सार ही ये है कि आतंक का अंत हो और फिर उसका उत्सव मनाया जाए। करगिल युद्ध के दौरान भी सेना ने इसी तरह से आतंक के फन को कुचल दिया और एक दिव्य जीत दिलाई थी। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र खुद को तभी सुरक्षित कह सकता है जब उसके बॉर्डर सुरक्षित हों, जब उसकी अर्थव्यवस्था सशक्त हो और जब गरीबों को अपना खुद का घर मिले, हर सुविधा मिले।

### इसरो ने किया ब्रॉडबेंड का विस्तार

प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल ही में इसरो ने ब्रॉडबेंड का विस्तार करते हुए एक साथ 36 सैटेलाइट स्पेस में छोड़े. पिछले आठ सालों में देश की अर्थव्यवस्था भी 10वें पायदान से पांचवें स्थान पर आ गई है। ये सफलताएं सभी को गर्व करने का मौका देती है और सेना के जवान भी खुश होते हैं। पीएम ने यह भी कहा कि पिछले कुछ सालों में सेना में सुधार के लिए कई रीफॉर्म किए गए हैं, फिर चाहे वो बेहतर तालमेल के लिए सीडीएस बनाना रहा हो या फिर बॉर्डर पर अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना हो। मोदी ने कहा कि अगर कोई हमारी तरफ नजर उठाकर देखेगा तो हमारी तीनों सेनाएं उसी की भाषा में मुंहतोड़ जवाब देंगी।

### पीएम मोदी 8 साल से जवानों के साथ मना रहे हैं दिवाली

पीएम सेना के जवानों के साथ पिछले आठ साल से दीपावली का पर्व मनाते आ रहे हैं. साल 2014 में जब से नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली है, वह हमेशा ही जवानों संग ही दिवाली का पर्व मनाते हैं। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेना के जवानों के साथ दिवाली मनाने की अपनी परंपरा को बरकरार रखते हुए जम्मू-कश्मीर के करगिल द्रास पहुंचे। इससे पहले पीएम मोदी 21 अक्टूबर को बाबा केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन करने पहुंचे थे। इसके बाद 23 अक्टूबर को अयोध्या के दीपोत्सव में शामिल हुए और साथ ही रामलला के भी दर्शन किए।



## दीपावली त्योहार पर पानी फेर सकता है चक्रवाती तूफान 'सीतरंग' भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि चक्रवाती तूफान 'सीतरंग' सागर द्वीप से लगभग 520 किमी दक्षिण और बांग्लादेश में बारिसल से 670 किमी दक्षिण पश्चिम में स्थित है। इसके उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ने और अगले 12 घंटों में एक भीषण चक्रवाती तूफान में तेज होने की संभावना है। इसके कारण सोमवार और मंगलवार को देश के कुछ तटीय हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है।

आईएमडी ने आगे कहा, अगले 12 घंटों के दौरान इसके उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ने और एक भीषण चक्रवाती तूफान में और तेज होने की संभावना है। इसके बाद इसका उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ना जारी रहेगा। इसके 25 अक्टूबर की सुबह तिनकोना द्वीप और के बीच बांग्लादेश तट को पार करने की बहुत संभावना है।

चक्रवात सितरंग को लेकर मौसम विभाग ने 24-25 अक्टूबर के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। साथ ही पश्चिम बंगाल के उत्तर और दक्षिण 24 परगना और पूर्वी मिदनापुर जिले में तूफान के प्रभाव की चेतावनी जारी की गई है।

आईएमडी के बयान में कहा गया है, पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे सटे पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान और इसके गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना के कारण मछुआरों को सलाह दी जाती है कि वे 25 अक्टूबर 2022 तक समुद्र में न जाएं। विभाग ने संभावित नुकसान की भविष्यवाणी करते हुए कहा कि फूस की झोपड़ियों को नुकसान होने की संभावना है।

### हवा की गति 90 किमी प्रति घंटा होने की संभावना

मौसम विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि सोमवार को उत्तर और दक्षिण 24 परगना और पूर्वी मिदनापुर जिलों में हवा की गति 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से से बढ़कर 90 किमी प्रति घंटे होने की संभावना है। प्रशासन ने दक्षिण 24 परगना के नदी तटों की सुरक्षा के लिए नागरिक सुरक्षा बलों को तैनात किया है और नदी के किनारे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था भी कर रहा है।

दक्षिण 24 परगना के चुनोखली बसंती इलाके में तूफान से पहले नदी तटबंध की मरम्मत का काम चल रहा है। प्रशासन की ओर से गंगासागर इलाके में नागरिक सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है।

## टी-20 वर्ल्डकप में पाक पर भारत की धमाकेदार जीत
# कोहली ने कहा यह मेरी बेस्ट पारी

**मेलबर्न (एजेंसी)।** टीम इंडिया ने शानदार आगाज करते हुए टी20 वर्ल्ड कप 2022 में पाकिस्तान को चार विकेट से मात दी। चिर प्रतिगद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया की इस जीत में किंग कोहली छाए रहे। विराट कोहली ने इस मैच में 53 गेंदों का सामना करते हुए कुल छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 82 रनों की पारी खेली।



जीत के बाद विराट कोहली ने 82 रनों की नाबाद पारी को अपने करियर की बेस्ट टी20 इनिंग बताया है। विराट कोहली ने मैच के बाद कहा कि इस एहसास को बयां करने के लिए उनके पास शब्दों की कमी है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी विराट कोहली की इस इनिंग को सर्वश्रेष्ठ करार दिया। जीत के लिए 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही थी। टीम ने सातवें ओवर में 31 रनों के स्कोर पर उसके चार बल्लेबाज पवेलियन में थे। केएल राहुल और रोहित शर्मा क्रमश: चार-चार रन बनाकर जबकि सूर्यकुमार यादव 15 और अक्षर पटेल दो रन बनाकर आउट हो गए थे। कोहली ने इसके बाद हार्दिक पंड्या (37 गेंदों में 40 रन) के साथ शतकीय साझेदारी कर मैच में टीम इंडिया की वापसी कराई।

### रोहित ने विराट कोहली को जमकर सराहा



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी इसे कोहली की सर्वश्रेष्ठ पारी करार दिया. रोहित ने कहा, 'विराट को सलाम. यह भारत के लिए उनके द्वारा खेली गई सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक है। इस पारी की तारीफकरने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। हम हमेशा यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि हम मैच में बने रहें। हम उनके बारे में लगातार बात कर रहे हैं. स्थिति चाहे जो भी हो, आपको विश्वास होना चाहिए कि आप आगे बढ़ सकते हैं, और उस साझेदारी ने हमारे लिए खेल बदल दिया।

### हार्दिक ने कहा था हम जीतेंगे : कोहली

प्लेयर ऑफद मैच विराट कोहली ने कहा, 'यह अद्भुत माहौल है। आज के एहसास को बयान करने के लिए मेरे पास शायद शब्द नहीं है। मुझे लगता है कि शाहीन जब पवेलियन छोर से गेंदबाजी के लिए आए तो मैंने हार्दिक से कहा कि हमें इस ओवर में अधिक रन बनाने होंगे। मोहम्मद नवाज का एक ओवर बाकी था, ऐसे मैंने कहा कि अगर मैं हारिस के खिलाफ रन बना सका तो उन पर दबाव बनेगा। हार्दिक ने मुझे भरोसा दिलाते हुए कहा हम आखिर तक रहे तो मैच जीतेंगे।

### यह मेरी सबसे बेहतरीन टी20 पारी

कोहली ने भावुक होते हुए कहा कि यह बहुत ही विशेष पल है। मैं पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली में खेली गई अपनी पारी को इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ मानता था। लेकिन अब शायद मैं कहूंगा कि यह मेरी सबसे बेहतरीन पारी है। उस मैच में मैंने 52 बॉल पर 82 रनों (नाबाद) की पारी खेली थी और आज 53 गेंदों में 82 रन (नाबाद) बनाए. मैं यहां पर मौजूद सभी दर्शकों का धन्यवाद कहना चाहूंगा।

## अपनी ही पत्नी के साथ ऐसी हैवानियत, कर ली दूसरी शादी और भाई से करवाया दुष्कर्म




श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** गरियाबंद में पत्नी के दहेज नहीं लाने पर एक युवक ने पहले तो दूसरी शादी कर ली। फिर विरोध करने पर अपने ही छोटे भाई से पत्नी का दुष्कर्म कराया। सास-ससुर ने विरोध किया, लेकिन आरोपी नहीं माने। इसके बाद महिला अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची और एफआईआर दर्ज कराई। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।

### तीन माह पहले ही हुई थी शादी

जानकारी के मुताबिक, शहर से करीब 10 किमी दूर एक गांव में महिला की शादी तीन माह पहले ही जुलाई में अजय (बदला हुआ नाम) से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही अजय दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा। बार-बार महिला को दहेज नहीं लाने के कारण ताने मारता। इसके करीब डेढ़ माह बाद वह एक अन्य महिला को घर लेकर आ गया।

### मायके वालों के साथ महिला पहुंची थाने

महिला ने यह सब बातें अपने सास-ससुर को बताईं, लेकिन उनके रोकने का भी कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इस पर महिला अपने मायके पहुंची और परिजनों को इसकी जानकारी दी। वे महिला को लेकर थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। इस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### डेढ़ माह बाद दूसरी लड़की को शादी कर ले आया

पत्नी ने जब महिला के बारे में पूछा तो अजय ने बताया कि उसने दूसरी शादी कर ली है। यह उसकी पत्नी है। इसके बाद भी अजय ने उसे प्रताड़ित करना नहीं छोड़ा। आरोप है कि चार अक्तूबर को अजय और उसकी दूसरी पत्नी ने महिला से मारपीट की। फिर जबरदस्ती कमरे में ले गए। इसके बाद अजय ने अपने छोटे भाई को बुलाया और पहली पत्नी का दुष्कर्म कराया।

दीप पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं.
रितुराज गैस
इंडेन वितरक (Since 1954)
नया गैस कनेक्शन डबल सिलेंडर के साथ तुरंत उपलब्ध है।
सिलेंडर बुकिंग केलिए अपने रजिस्टर्ड मोब.नं. 9454055555 नंबर पर MISSED Call दीजिए।
IndianOil
Indane
SAFE.RELIABLE.CONVENIENT
साप्ताहिक अवकाश सोमवार
पता - 43 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
संपर्क : 0788-4030443, 2294975, 2295569,
मोबा. नं.: 8458896444, 8458890333

## संपादकीय

# सच्चा महोत्सव

भारतीय संस्कृति में दीपावली सबसे वैभवशाली त्योहार है। कहा जाता है कि भारत को अगर देखना हो, तो दीपावली पर देखो। गांव-नगर जगमग होते हैं, अधिकतर लोगों के चेहरे खिले रहते हैं, जब भारत अपनी कमियों को भूल जाता है। समय के साथ दीपावली में बहुत परिवर्तन आया है, लेकिन उसका महत्व कदापि कम नहीं हुआ है। यह एक ऐसा त्योहार है, जो आपको अपनी ओर अनायास खींच लेता है। इस अवसर पर आप कुछ न भी करें, तब भी इससे आप प्रभावित हुए बिना नहीं रहते हैं। लगभग दो दीपावली बाद इस बार खास रौनक नजर आ रही है, तो इसकी पृष्ठभूमि को समझा जा सकता है। ज्यादातर घरों-गलियों में महामारी की वजह से आहत रही उत्सवधर्मिता पहले की तरह लौट आई दिखती है। अर्थव्यवस्था और बाजार भी कमोबेश पटरी पर लौट आया है, तो इस बार दीपावली ज्यादातर लोगों को मन-धन से संबल देकर ही जाएगी। विगत दो वर्षों में कितना कुछ खोया है हमने, काश! यह दिवाली हरसंभव भरपायी कर जाए। उत्सव के दीये उत्साह से ऐसे उजाला करें कि मन अंदर तक अंजोर हो जाए। आज दीपावली के भाव को समझने की जरूरत है। हम अगर सजग हो जाएं, तो अंधेरा खुद दूर होना चाहता है। हम अगर मिलकर रहें, तो प्रेम-स्नेह की रौनक फैल जाना चाहती है। अगर हममें जरूरी दया, करुणा हो जाए, तो समृद्धि साझा होने को लालायित है। दीपावली स्वयं को निहारने का भी त्योहार है, केवल तन ही नहीं, मन को भी सजाने का त्योहार है। हम अक्सर तन को तो नए वस्त्रों से सजा लेते हैं, लेकिन मन सजाना भूल जाते हैं। यह झाड़-पोछकर मन में पड़ी रद्दियों को भी ठिकाने लगाने का त्योहार है। दीपावली भरपूर मौके देती है, यह पांच दिन का त्योहार अपने मुख्य दिन से दो दिन पहले ही शुरू हो जाता है। धनतेरस से शुरुआत होती है, जब धन पूजा होती है। भारतीय चिकित्सक धन्वन्तरि जयंती मनाते हैं। इस दिन घर-द्वार को स्वच्छ कर दिया जाता है, यह संकेत है कि स्वच्छता किसी भी ईश्वर को प्रसन्न करने की पहली सीढ़ी है। इस दिन लोग धातु भी खरीदते हैं, ताकि उनकी संपन्नता को स्थायित्व मिले। दूसरा दिन, रूप चौदस का होता है, जब तेल स्नान, यम तर्पण, नरक के लिए दीपदान इत्यादि का आयोजन वास्तव में पितरों को याद करने, अटल मृत्यु का ध्यान करने और स्वयं को आगे के लिए सुधार लेने का दिन है। तीसरा दिन दीपोत्सव का होता है, जिसकी महिमा सब जानते हैं। बही-खाता, लक्ष्मी, गणेश, कुबेर की पूजा और चहुंओर रोशनी का यह विशेष अवसर है। चौथे दिन गोवर्धन पूजा, बलि पूजा, दीपदान, गौ-बैल पूजा का विशेष महत्व है। दीपावली महोत्सव के पांचवें दिन जो त्योहार मनाया जाता है, उसका महत्व समय के हिसाब से बहुत बढ़ गया है, लेकिन मनाने वाले कम होते जा रहे हैं। भैया दूज पर पहले भाई-बहन आवश्यक रूप से परस्पर मिलते थे और एक दूसरे का मान-सम्मान करते थे। आज यह परंपरा कमजोर पड़ी है, तो हम देखते हैं कि बहनें भी असुरक्षित हुई हैं। संदेश स्पष्ट है, भाई भाव और उसी के विस्तार में महिला सुरक्षा किसी समाज के भौतिक वैभव से कम नहीं है। सुरक्षा भी समाज का धन है। अगर यह नहीं है, तो बाकी तमाम दौलत बेकार है। अत: समग्रता में दीपावली एक-दूसरे की परवाह का भी महोत्सव है। जो भी हमारे पास है, जिस भी चीज में हम सक्षम हैं, हम उसे आगे बढ़कर साझा करें। आज यही सच्ची दिवाली है।

> “ हम अक्सर तन को तो नए वस्त्रों से सजा लेते हैं, लेकिन मन सजाना भूल जाते हैं। यह झाड़-पोछकर मन में पड़ी रद्दियों को भी ठिकाने लगाने का त्योहार है। दीपावली भरपूर मौके देती है, यह पांच दिन का त्योहार अपने मुख्य दिन से दो दिन पहले ही शुरू हो जाता है। धनतेरस से शुरुआत होती है, जब धन पूजा होती है।


## और अयोध्या रोशन हो गई

आज संबंध निर्वाह के लिए बहुत सतर्क रहने की आवश्यकता है। बहुत बड़ा मन होना चाहिए। अत्यंत उदार मन होना चाहिए, नहीं तो यदि भरत को कहते राम जी कि मैं राजा बनने वाला था, तुम्हारे कारण मुझे जंगल आना पड़ा, तो मेरा पूर्ण विश्वास है कि भरत जी जीते नहीं, वहीं राम जी के सामने ही शरीर को स्वाहा कर देते। जीवन को राख बना देते। राम जी को पूर्ण विश्वास के साथ लगता है कि मेरा भरत गलत नहीं है, यदि वैसा है, तब भी मेरा भाई ही है। एक ऐसा उदाहरण मैं देना चाहता हूं, जिससे आपको यह स्पष्ट हो जाएगा। वाल्मीकि रामायण में लिखा है कि राम जी जब लंका विजय से लौटे, तो प्रयाग-इलाहाबाद से हनुमान जी को भेजा कि जाओ, भरत जी को सूचित करो कि मैं आ रहा हूं। लंका से मैं प्रयाग आ गया हूं, अब अयोध्या आना है मुझे। बड़ी मनोवैज्ञानिक और स्वाभाविक बात का उल्लेख किया है महर्षि वाल्मीकि ने। राम जी ने क्या खूब कहा हनुमान जी से कि पता करो, भरत 14 वर्षों से राज भार संभाल रहे हैं, कहीं उनके मन में राज्य-आसक्ति तो नहीं उत्पन्न हो गई कि मैं ही राजा रहता, तो बहुत अच्छा होता। किसी को राज्य देने की क्या जरूरत है? दूसरे किसी रामायण में यह नहीं लिखा है, लेकिन वाल्मीकि बहुत स्वाभाविक बात कहते हैं। गद्दी मिल जाने के बाद क्या उसे छोड़ने की इच्छा होती है? प्रभुता पाकर किसमें मद नहीं आता? किसमें यह भाव नहीं आता कि मैं ही भोग करूं? यह भाव हर आदमी में आ जाता है। तो राम जी ने कहा कि पता कर लेना, यदि भरत का मन हो गया हो, तो अपना भाई ही है। मैं राजा रहूं या भरत रहें, इसमें क्या समस्या है? अपन 14 साल जंगल में रहे, जीवन भर रह लेंगे, किंतु राजा भरत रहें, तो हमें कोई समस्या नहीं है।

> “ भारतवर्ष में हथिया खाली हाथ आई है और खाली हाथ गई है, इसका परिणाम बैठे-बैठे आप नहीं समझ सकते, वहां चलकर देखिए कि कातिक आ गया, अभी डीभी उचम्हती नहीं नजर आती, अगहनी में भैंसों की दावन पड़ी है, उस अगहनी में आदमी की हंसिया नहीं लग सकती। बाजरा ईंधन की समस्या शायद हल कर दे, लेकिन उदर की समस्या हल करने से वह भी इनकार कर रहा है।

विद्यानिवास मिश्र, प्रसिद्ध साहित्यकार

# दीया जो टिमटिमा रहा है स्नेह से आज



लोग कहेंगे कि दिवाली के दिन कुछ अधिक मात्रा में चढ़ा ली है, नहीं तो जगर-मगर चारों ओर बिजली की ज्योति जगमगा रही है और इसको यही सूझता है कि दीया, वह भी दीये नहीं, दीया टिमटिमा रहा है। मैं जानता हूं, अमा के सूचीभेद्य अंधकार से घिरे हुए देहात की बात; मैं जानता हूं, अमा के सर्वग्रासी मुख में जाने से इनकार करने वाले दीये की बात; मैं जानता हूं, बाती के बल पर स्नेह को चुनौती देने वाले दीये की बात और जानता हूं, इस टिमटिमाते हुए दीये में भारत की प्राण ज्योति के आलोक की बात। दीया टिमटिमा रहा है! स्नेह नहीं, स्नेह तलछट भर रही है और बाती न जाने किस जमाने का तेल सोखे हुए है कि अभी तक बुझ नहीं पाई। सामने प्रगाढ़ अंधकार, भयावनी निस्तब्धता और न जाने कैसी-कैसी आशंकाएं! पर इन सबको नगण्य करता हुआ दीया टिमटिमा रहा है...

भारत की महालक्ष्मी का स्रोत अक्षय है, इसमें संदेह नहीं। बख्तियार खिलजी का लोभ, गजनी की तृष्णा, नादिरशाह की बुभुक्षा और अंग्रेज पंसारियों की महामाया के उदर भरकर भी उसका स्रोत सूखा नहीं। हां, सूखा नहीं, पर अंतर्लीन अवश्य हो गया है और उसे ऊपर लाने के लिए कागदी आवाहन से काम न चलेगा। कागदी आवाहन से कागदों के पुलिंदे आते हैं, सोने की महालक्ष्मी नहीं। आज जो दीया अपना समस्त स्नेह संचित करके यथा-तथा भारतीय कृषक के तन के वस्त्र को बाती बनाकर टिमटिमा रहा है, वह इसी आशा से कि अब भी महालक्ष्मी रीझ जाएं। उसका आवाहन कागदी नहीं, अपने समस्त हृदय से है, प्राण से है और अंतरात्मा से है। इस मिट्टी के दीये की टिमटिमाहट में वह शीतल ज्वाला है, जो धरती के अंधकार को पीकर रहेगी। आज देहात में क्या है और क्या नहीं है, यह बता दूं? देहात में है वयस्क मताधिकार के अनुसार चुनी गई गांव-सभाएं, न्याय पंचायतें, जिनमें बकरी, मुर्गी तक पर कर लगाया जा चुका है और 'सरवा ससुरा' कहने पर भी अर्थ-दंड। देहात में हैं, बिखरे हुए सफेद-पोश, जिसके कारण हाट में साग-भाजी भी वही ला पाते हैं, जिनका पेटा बड़ा है, टुटपुंजिहे लोग तो साग-भाजी बेचकर अपनी गुजर नहीं कर सकते हैं। ...देहात में आपको नहीं मिलेगी हंसती-खेलती जवानी, क्योंकि धरती की लक्ष्मी रूठ गई है, और अब पेट आधा-तीहा भरने के लिए उसे कचरापाड़ा तथा जमशेदपुर की भट्ठियों में तपना पड़ता है। देहात में आज आपको नहीं मिलेगी अलाव की अलमस्त चर्चा और अलाव के आलोक में उज्ज्वल मुखाभा, वहां आगम का अंधेरा है, गहरी निराशा है और अत्यंत क्षीण साहस।

चलिएगा इस देहात में? वहां इस समय दूध की धार नहीं मिलेगी, पेड़ की पत्ती से बना हुआ तरल-सा रक्त मिलेगा, कुछ सफेदी लिए हुए! वहां 'सजाव दही' परोसने वाले 'बांके नैन' नहीं मिलेंगे, वहां मिलेंगे छाछ के लिए तरसने वाले, छीना-झपटी करने वाले मुरझाते हुए दूध के दांत। भारतवर्ष में हथिया खाली हाथ आई है और खाली हाथ गई है, इसका परिणाम बैठे-बैठे आप नहीं समझ सकते, वहां चलकर देखिए कि कातिक आ गया, अभी डीभी उचम्हती नहीं नजर आती, अगहनी में भैंसों की दावन पड़ी है, उस अगहनी में आदमी की हंसिया नहीं लग सकती। बाजरा ईंधन की समस्या शायद हल कर दे, लेकिन उदर की समस्या हल करने से वह भी इनकार कर रहा है। खरीफ की फसल बाढ़ में गई, बची-खुची सूखा में गई, रवी जनमते ही पाथर हो गई। पर दीया टिमटिमा रहा है! बंकिम बाबू ने यमुना की सीढ़ियों पर इसी अमा की अंधेरी रात में भारत की राजलक्ष्मी को नूपुर उतारकर चुपचाप उतरते देखा था। सुना कि राजलक्ष्मी भारत की इंद्रपुरी में लौट आई है, किंतु माइक की प्रसारित ध्वनि संभवत: उन बधिर कानों तक नहीं पहुंची है, जो युद्धोत्तर भारत में किसी नए परिवर्तन का आभास भी नहीं पा सके हैं। उनके लिए संभवत: राजलक्ष्मी अभी नहीं आई है। कुम्हार का चक्का अब नहीं घूमता और माटी की घंटी अब नहीं बजती, पटवारी को चुटकी भर चीनी के लिए चांदी चढ़ाने कोई नहीं जाता, क्यों? इसीलिए कि राजलक्ष्मी के आने का डिंडिम-नाद अभी इन अभागों के कानों में नहीं पहुंच सका है। राजलक्ष्मी के पधारने का शुभ संदेश उनके पास पहुंचाया भी जाए, तो वह इनके हृदय में उतर नहीं सकता। ये उस राजलक्ष्मी के आने की प्रतीक्षा में हैं, जो अमावस्या के गहन अंधकार में ही आ सकती है, जो घूर पर ही आ सकती है और जो गोबर का गोवर्धन बनकर छोटी से छोटी अन्न की डेहरी में ही आ सकती है। ये अभ्रंलिह प्रासादों की विद्युत्द्योतित सौधपंक्तियों पर मणिनूपुरों की झंकार के साथ उतरने वाली राजलक्ष्मी को नहीं जानते।

इन बेचारों के छोटे-से हृदय में इतनी बड़ी और रुपहली राजलक्ष्मी का चित्र बस नहीं पाया, तो यह इनका दोष नहीं, इनके उन जले अतीत के संस्कारों का दोष है, जो अपने राजा राम और उनके रामराज्य का पल्ला क्षण भर के लिए भी नहीं छोड़ना चाहते। राजा राम जो बाती उकसा गए, वह किसी के भी बुझाए बुझना नहीं चाहती और दीया टिमटिमा रहा है, स्नेह के बल पर नहीं, बाती के बल पर नहीं, किसी नई आशा के बल पर नहीं, बल्कि उस उकसान के बल पर, जो इसे राजा राम के हाथों से मिल चुकी है। तो राजलक्ष्मी को अगर सौ बार गरज है कि अपने आने का संदेश उन्हें इन बधिरों तक, इन अंधों तक भी पहुंचाना है, और वे अगर यह समझती हैं कि बिना इन तक संदेश पहुंचे, उनके आने का कोई महत्व नहीं है, तो मैं कहता हूं कि उन्हें उसी रूप में आना होगा, जो इनकी कल्पना में सरलता से उतर सके। इन्हें मुद्रास्फीति का अर्थ नहीं मालूम, पर इतना समझते हैं कि कागदों का अंबार राजलक्ष्मी का शयन कक्ष नहीं बना सकता। इनकी लक्ष्मी गेहूं, जो नवांकुरों पर ओस के रूप में उतरती है, इनकी लक्ष्मी धान की बालियों के सुनहले झुमकों में झूमती है और इनकी लक्ष्मी गऊ के गोबर में लोट-पोट करती है। उस लक्ष्मी के लिए वन महोत्सव से अधिक कृषि महोत्सव की आवश्यकता है, कृषि महोत्सव से अधिक कृषि प्रयत्न की तथा कृषि-प्रोत्साहन की आवश्यकता है।... आज जो दीया टिमटिमा रहा है, वह उसी लक्ष्मी की स्मृति में, उसी लक्ष्मी की प्रतीक्षा में और उसी लक्ष्मी की अतृप्य लालसा में।...

**( पुस्तक - छितवन की छांह, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद से साभार )**

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

# काश, अपने देश में सबकी हर रात दिवाली जैसी हो



पूरी दुनिया के अखबारों, पत्रिकाओं को खंगालिए या पश्चिमी देशों के खबरिया चैनलों की बहसें सुनिए, इस वक्त आपको हर जगह आर्थिक मंदी की चिंता ही दिखाई देगी। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं तो परेशान हैं ही, सरकारें भी मंदी की चिंता में दुबली हुई जा रही हैं। बाजार सूने पड़े हैं व कंपनियां सिर धुन रही हैं कि इनकी रौनक को कैसे लौटाया जाए? इसी समय भारत को देखिए, तो लगता है कि आर्थिक मंदी किसी और शहर के किसी अन्य मोहल्ले की कहानी है। यहां अखबार विज्ञापनों से भरे पड़े हैं, सारा बाजार, सारा कारोबार इनके पन्नों पर उतर आया है। शहरों, कस्बों और यहां तक कि गांवों के बाजार उम्मीदों और संभावनाओं से जगमग हैं, सजे हुए हैं। वहां भारी भीड़ उमड़ रही है। ऑनलाइन कारोबारी शॉपिंग फेस्टिवल चला रहे हैं। खबरें बता रही हैं कि कारों की बिक्री के पुराने सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं।

वैसे तो अर्थशास्त्र के ज्यादातर आलिम-फाजिल यही कह रहे हैं कि जो आर्थिक मंदी चारदीवारी और दरवाजे तोड़कर पश्चिम की अर्थव्यवस्थाओं में घुसने की तैयारी कर रही है, वह भारत तक पहुंचते-पहुंचते निस्तेज हो जाएगी। भारत के मध्यवर्ग की ताकत और बाजार में लगातार बनी रहने वाली मांग का एक न्यूनतम स्तर यहां मंदी की दाल को एक हद से ज्यादा गलने नहीं देगा। यह असर तकरीबन वैसा ही हो सकता है, जैसा कि हमने 2008 की विश्वव्यापी आर्थिक मंदी के दौरान देखा था। उसमें शायद वक्त लगे, लेकिन फिलहाल हमारे बाजारों में जो रौनक है, उसकी वजह दीपावली है। त्योहारों का वह दौर, जो भारत के कारोबार दर्शन की बहुत अच्छी व्याख्या भी करता है।

दीपावली और मंदी में कोई सीधा रिश्ता नहीं है, वह हो भी नहीं सकता, लेकिन मंदी के अंधेरे में दिवाली के दीये उम्मीद भी दे सकते हैं और कुछ दूर ही सही, राह भी दिखा सकते हैं। आर्थिक मंदी वैसे तो एक जटिल प्रक्रिया है, लेकिन उसकी सरल-साधारण परिभाषा के हिसाब से मंदी वह दौर है, जब आर्थिक गतिविधियां लंबे समय के लिए काफी धीमी पड़ जाती हैं और सकल उत्पाद के आंकड़े गोता लगाने लगते हैं। कारोबारी निराश होते हैं और लोग बेरोजगार। दीपावली इसके बिल्कुल विपरीत खड़ी होती है। शरद नवरात्र से लेकर भाई दूज और छठ तक का दौर, जिसे कारोबार की भाषा में दीपावली का मौसम कहा जाता है, हमारे लिए वह समय होता है, जब कारोबारी गतिविधियां काफी तेजी से बढ़ती हैं। साल में उतना कारोबार कभी नहीं होता, जितना कि इस एक-सवा महीने में हो जाता है। कुछ कारोबारी तो महीनों पहले से इसकी तैयारी करने लगते हैं। बहुत से परिवार तो इस उम्मीद में साल भर बचत करते हैं कि दिवाली पर वे उस बड़ी खरीदारी को कर सकें, जिसकी हसरत लंबे समय से मन में थी। मध्यवर्गीय परिवारों में टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन जैसी ऐसी कई चीजें होती हैं, जिनकी याद दीपावली से जुड़ी होती है। अगर घर खरीदना हो, तो भी इसी महीने को शुभ माना जाता है।

अक्सर यह कह दिया जाता है कि दीपावली समृद्ध लोगों का त्योहार है। सच इसके विपरीत है। अमीरों को दीपावली जैसे किसी अलग से त्योहार की जरूरत भी नहीं है। वे तो हर रोज ही इसे मना सकते हैं। दीपावली दरअसल अमीरी की कामना का पर्व है। घर के हर कोने को रोशन करके धन की देवी की आराधना करने वालों की यही एक चाहत होती है कि उनके आवास में धन-धान्य की कभी कमी न आए। जिस रोशनी से उन्होंने अपने घर को प्रकाशित किया है, वह हमेशा के लिए उनके परिवार का हिस्सा बन जाए। दीपावली भारतीय जनमानस के एक अलग पक्ष को सामने रखती है। यह वह पर्व है, जब माया को महाठगिनी नहीं कहा जाता है। बाजार खलनायक नहीं रहता। कम से कम दीपावली की रात तो सादा जीवन उच्च विचार का दर्शन विश्राम करता है। दिवाली ही है, जब हम जीवन के भौतिक सच को स्वीकार ही नहीं करते, आत्मसात भी कर लेते हैं।

हर कोई हर रात दिवाली मना सके, यह बहुत दूर का लक्ष्य हो सकता है, लेकिन दीपावली के खर्च किसी की कमर न तोड़ें, यह काम तो अर्थव्यवस्था के नियोजकों को करना ही होगा। हमारी यह चुनौती पश्चिमी देशों की मंदी से ज्यादा बड़ी समस्या है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

अजीत द्विवेदी

# हम विश्वगुरू फिर भी हमें बदनाम कर रही दुनिया!

इस साल का भूख का वैश्विक सूचकांक यानी ग्लोबल हंगर इंडेक्स जारी होने के बाद भारत में जो बहस छिड़ी है उसमें सबसे दिलचस्प प्रतिक्रिया भारत सरकार की अपनी है। दुनिया के 120 देशों के इस सूचकांक में भारत 107वें नंबर पर है। पिछले साल यानी 2021 में भारत 101वें स्थान पर था और उससे पहले 2020 में 94वें स्थान पर था। यानी भारत की रैंकिंग में हर साल छह-सात स्थान की गिरावट की एक किस्म की निरंतरता है। इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत सरकार के महिला व बाल विकास मंत्रालय ने कहा 'भारत में बारे में गलत सूचना फैलाई जा रही है और यह भारत को बदनाम करने के लिए निरंतर चल रहे अभियान का एक हिस्सा है'। मंत्रालय ने यह भी कहा कि ये जो रैंकिंग बनाई गई है वह चार मानकों पर आधारित है, जिसमें तीन मानक बच्चों से जुड़े हैं और एक मानक महज तीन हजार लोगों की राय पर आधारित है। बच्चों वाले मानकों पर ज्यादा ध्यान दिए जाने को खारिज करते हुए महिला व बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध करा रही है।

महिला व बाल विकास मंत्रालय की प्रतिक्रिया दो मायने में बहुत दिलचस्प है। भूख की रैंकिंग में भारत के लगातार नीचे गिरते जाने पर विचार से पहले इसका जिक्र जरूरी है कि मंत्रालय की प्रतिक्रिया क्यों दिलचस्प है। पहली बात, जो मंत्रालय ने कही है वह ये है कि दुनिया भर में भारत को बदनाम करने का अभियान चल रहा है। यह स्पष्ट रूप से भारत सरकार के विज्ञापनों, प्रचार और प्रधानमंत्री सहित तमाम बड़े मंत्रियों के बयानों का खंडन है। खुद नरेंद्र मोदी ने कितनी बार कहा है कि उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद दुनिया में भारत का मान बढ़ा है, दुनिया भारत की बात ध्यान से सुनती है और भारत की बात मानती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि दुनिया का कोई भी बड़ा फैसला अब प्रधानमंत्री मोदी की राय के बिना नहीं होता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन से भारतीयों को सुरक्षित निकलवाने के लिए रूस-यूक्रेन युद्ध रूकवा दिया था। सोचें, जिस देश का प्रधानमंत्री इतना ताकतवर हो, जिसके हिसाब से दुनिया चलती हो उस देश को बदनाम करने का अभियान भला कौन चला सकता है? दोनों में से कोई एक ही बात हो सकती है या तो भारत को बदनाम किया जा रहा है या भारत का सम्मान दुनिया भर में बढ़ा है!

दूसरी दिलचस्प बात यह है कि मंत्रालय ने कहा कि जिन चार पैमानों पर रैंकिंग तैयार की गई है उनमें एक पैमाना तीन हजार लोगों के बीच हुआ सैंपल सर्वे है। इतने बड़े देश में इतने कम लोगों को सैंपल सर्वे के आधार पर कोई भी निष्कर्ष कैसे निकाला जा सकता है? सवाल तो बड़ा जायज दिख रहा है। लेकिन क्या हर साल जब यह ग्लोबल रैंकिंग आती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं और उनको 70 फीसदी लोगों का एप्रूवल है तो किसी भाजपा नेता की ओर से इस पर सवाल उठाते देखा है किसी ने? प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता घोषित करने वाली संस्था का नाम 'मॉर्निंग कंसल्ट' है और उसके सर्वे का साइज 2,126 लोगों का है। सभी देशों के मुकाबले सबसे छोटा सैंपल साइज भारत का होता है। भारत के 10 हजार साक्षर लोगों में से दो की राय पर आधारित होता है मोदी के सबसे लोकप्रिय नेता होना की घोषणा। लेकिन इसे दिल खोल कर स्वीकार किया जाता है और भाजपा के बड़े नेता आदि इसे ट्विट करके दुनिया को बताते हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:- 9827806026, 7869620239

ओम क्रियेशन कार्ड्स
• फैंसी एनवेलोप्स • वेडिंग कार्ड • कैलेंडर
आकर्षक, मनमोहक, फैंसी
शादी कार्ड
रायपुर से कम दाम में
शॉप नं. 9301816830, मो.-9301182010
पचरी पारा, कुआ चौक, बस स्टैण्ड रोड, दुर्ग
ओम यूनिफॉर्म
स्कूल यूनिफॉर्म एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स
रवि अग्रवाल-9302834646
इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास, दुर्ग




















# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़









### कलेक्टर पी.एस.एल्मा के निर्देश...

## आबकारी अमले ने की अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी । कलेक्टर पी.एस.एल्मा के निर्देशानुसार जिले में आबकारी अमले द्वारा 18 से 22 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाकर अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक अमले द्वारा कुल 28.720 लीटर देसी प्लेन मदिरा, 31.5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब और 5300 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। इसी तरह कुल 19 प्रकरण कायम किए गए।**



इनमें गैर जमानतीय 34(2) के दो प्रकरण जमानतीय प्रकरण 34(1)के पांच, 36(ड्ड)के दो, 36(ड्ढ)के दो और 36(ष)के सात प्रकरण शामिल हैं।

बताया गया है कि नगरी के सांकरा में योगेश महादानी से 19 लीटर देशी मदिरा प्लेन जप्त कर 34(1) क 34(2) व 59(क) प्रकरण प्रकरण पंजीबद्ध किया। इसी तरह कोपेडीह के कुंदन सोनवानी से सात लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब जप्त कर 34(2) व 59(क) प्रकरण, कोरगांव के घनश्याम कमार से मदिरा साढ़े चार लीटर हाथभट्टी महुआ शराब जप्त कर प्रकरण 34(1) ख का पंजीबद्ध किया गया। कुरूद के देवेन्द ढाबा से 13 पाव देशी मदिरा जप्त कर प्रकरण 34(1) ख, संगवारी ढाबा स्थित फिरतू साहू से मदिरा 2.600 माल्ट जप्त कर प्रकरण 36(क), पीपरछेड़ी के बाबा ढाबा स्थित आकाश देशमुख से सात पाव देशी मदिरा जप्त कर प्रकरण 34(1) क पंजीबद्ध किया गया।

नारी के राकेश ढाबा स्थित मनहरण रात्रे से 2.7 लीटर देशी मदिरा प्लेन जप्त कर प्रकरण 34(1) क, चरमुडिया के स्नेहलता अग्रवाल से 3.240 लीटर देशी मदिरा प्लेन जप्त कर प्रकरण 34(1) ख पंजीबद्ध किया गया। इसी तरह आबकारी अमले द्वारा भखारा के नवदीप कौर के विरूद्ध प्रकरण 36 (ड्ड), कृष्ण कुमार प्रकरण 36(ड्ढ), चर्रा के हेमंत चंद्राकर प्रकरण 36(ष), अरविंद साहू प्रकरण 36(ख), नारी के पीलू सोनकर पर प्रकरण 36(ष) पंजीबद्ध किया गया।

दानीटोला, धमतरी के हितेश निषाद पर प्रकरण 36(ष), शेषनारायन यादव पर प्रकरण 36(ष), कुरूद के चंद्राकर ढाबा स्थित तुला चंद्राकर पर प्रकरण 36(ष), नारी के किरण ढाबा स्थित उमेश पर प्रकरण 36(ष), यादव होटल के रणबीर पर प्रकरण 36(ष) पंजीबद्ध किया गया। साथ ही ग्राम आबकारी अमले द्वारा बोदल बहरा के नाले, सलोनी के जंगल और ग्राम कोपेडीह के विभिन्न स्थानों पर 5300 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया तथा 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया।

## कलेक्टर ने आयुक्त व सीईओ के साथ बुधवारी बाजार पहुंचकर खरीदे गोबर व मिट्टी से बने दीये

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। कलेक्टर संजीव कुमार झा ने नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कंवर के साथ स्थानीय बुधवारी बाजार पहुंचकर सड़क के किनारे कुम्भकारों द्वारा लगाई गई दुकानों में गोबर व मिट्टी से बने दीयों की खरीदी की, इसके साथ ही कलेक्टर टी.पी.नगर स्थित सी-मार्ट पहुंचे तथा महिला स्वसहायता समूहों, ग्रामीण शिल्पकारों, कुम्भकारों द्वारा निर्मित सामग्रियों की खरीदी की।**



उन्होने आमनागरिकों से अपील की कि वे दीपावली पर्व पर गोबर व मिट्टी से बने दीये का उपयोग करें। यहाँ उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महती योजना " सी-मार्ट योजना " के तहत छत्तीसगढ़ के गांवों के देशी उत्पादों, महिला स्वसहायता समूहों, शिल्पियों, बुनकरों, दस्तकारों, कुम्भकारों व अन्य पारंपरिक एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री की जा रही है। कोरबा के टी.पी.नगर चौक में सी-मार्ट स्थापित हैं, जहाँ पर उक्त परम्परागत देशी उत्पादों के साथ-साथ बड़ी, पापड़, हर्बल साबुन, महुए से बनी खाद्य सामग्री के साथ-साथ महिला समूहों, शिल्पियों, बुनकरों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री की जा रही है। आज कलेक्टर संजीव कुमार झा ने निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कंवर के साथ सी-मार्ट पहुंचकर गोबर व मिट्टी से बने दीये के साथ-साथ विभिन्न पारंपरिक उत्पादों की खरीदी की। उन्होने सम्पूर्ण सी-मार्ट का भ्रमण करते हुए वहाँ पर बिक्री हेतु रखे गए विभिन्न देशी उत्पादों का अवलोकन किया, महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों, ग्रामीण शिल्पकारों का उत्साहवर्धन किया तथा सी-मार्ट में इन उत्पादों की संख्या बढ़ाने एवं उनकी बिक्री के संबंध में उनका मार्गदर्शन किया। कलेक्टर झा, निगम आयुक्त पाण्डेय, सी.ई.ओ. कंवर व अन्य अधिकारियों के साथ बुधवारी बाजार पहुंचे, वहाँ पर सड़क के किनारे कुम्भकारों द्वारा जमीन पर गोबर व मिट्टी से बने दीयों की दुकानें लगाई गई थी, उन्होने वहाँ पर भी इन दीयों एवं दीपावली पूजन सामग्री व अन्य उत्पादों को खरीदा तथा उनका उत्साहवर्धन किया।

गोबर व मिट्टी से बने दीयों का करें उपयोग - कलेक्टर संजीव कुमार झा ने इस मौके पर आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे दीपावली के इस पावन अवसर पर गोबर व मिट्टी से बने दीयों को खरीदें तथा उनका उपयोग करें। उन्होने कहा कि महिला स्वसहायता समूहों, कुम्भकारों के द्वारा गोबर व मिट्टी से बने दीयों व अन्य उत्पादों का निर्माण कर उनकी बिक्री की जा रही है, इन दीयो का उपयोग कर आप महिला स्वसहायता समूहों व कुम्भकारों की सहायता करेंगे, यह धार्मिक आस्था का प्रतीक भी है।

## खास खबर

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने दीपावली पर्व की प्रदेशवासियों को दी बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व पर अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा कि धनतेरस से लेकर भाई दूज तक चलने वाला ये पांच दिन का पर्व हमारी सभ्यता और संस्कृति की गौरव-गाथा है। दीपावली का पर्व भारतीय संस्कृति का गौरव है, यह पर्व रोशनी का है और तमस (अंधकार) को दूर करता है इसलिए यह पर्व ज्ञान का प्रकाश पहुंचाने के संकल्प का पर्व भी कहलाता है। डॉ. महंत ने गोवर्धन पूजा को छत्तीसगढ़ का लोक पर्व बताते हुए प्रदेश के कृषक बंधुओं को इस अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि - पशुधन हमारी कृषि का आधार है इसलिए इसके संरक्षण और संवर्धन की दिशा में और अधिक प्रयास करने होंगे। डॉ. महंत ने कहा कि दीपावली मनाने की सार्थकता तभी है जब भीतर का अंधकार दूर हो।

### महापौर, कलेक्टर व आयुक्त ने दी दीपावली की शुभकामनाएं

**कोरबा।** महापौर राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर संजीव कुमार झा एवं आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने दीपोत्सव के महान पर्व दीपावली की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं क्षेत्र के नागरिकों को दी है। उन्होने बधाई देते हुए कहा है कि दीपावली का यह महान पर्व आप सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, आरोग्य, शांति, ऐश्वर्य एवं ढेरों खुशियाँ लेकर आएं, आप स्वस्थ रहें, आपका जीवन धन-धान्य से परिपूर्ण हो, आप सबके लिए दीपावली का यह महान पर्व अत्यंत शुभकारी व सुख-शांति प्रदाता हो। उन्होने अपील करते हुए कहा है कि दीपावली के इस महोत्सव को पूरी गरिमा व उत्साह के साथ मनाएं, गोबर व मिट्टी से बने दीयों को उपयोग करें।

## स्वस्थ एवं दीर्घायु रहने के लिए आयुर्वेद को अपनाएं - महापौर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव। धनवंतरी जयंती के अवसर पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने आज चिखली में शासकीय आयुष पाली क्लीनिक द्वारा आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला व शिविर का शुभारंभ किया। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि भारतीय संस्कृति में स्वस्थ एवं दीर्घायु होने के लिए प्राचीन काल से आयुर्वेद की परंपरा रही है। चरक संहिता एवं वेदों में इसकी जानकारी मिलती है। हमारे बुजुर्गों ने आयुर्वेद को अपनाया है और हम उनसे सीखते आए है।**



समय की रफ्तार में अपनी जमीन नहीं छोड़ना चाहिए। हमारे ऋषि-मुनि स्वस्थ्य रहने के लिए आयुर्वेद के बारे में बताते है। स्वस्थ एवं दीर्घायु रहने के लिए आयुर्वेद को अपनाएं। हर घर में आयुर्वेद है। नीम, तुलसी, जामुन, आंवला, अदरक, जीरा, तिल हर घर में होते है। जिनका दैनिक जीवन में उपयोग किया जाता है। आवश्यकता इस बात कि है कि हम इसका सही तरीके से उपयोग करना सीखें। पहले बुजुर्ग दीर्घायु होते थे एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते थे। वर्तमान समय में फास्ट फूड की आदतें बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। हमें बच्चों को पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक भोजन देना चाहिए। मुनगा भाजी, कुम्हड़ा भाजी सहित अन्य भाजी खिलाना सीखाएं। अंकुरित मूंग एवं चना बच्चों को देना चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अभिभावकों को बच्चों के पौष्टिक भोजन के लिए बताएं। अंत्यायवसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला ने कहा कि आज की आधुनिक जीवन शैली ठीक नहीं होने के कारण कई तरह की बीमारियां हो रही है। हमारे जीवन में आयुर्वेद बहुत जरूरी है। प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है। जिनमें जड़ी-बूटी, औषधी गुणों से भरपूर है। इसका सही ढग् से उपयोग करके जीवन शैली में अपनाएं तो फायदा होगा। सभी स्वस्थ रहने के लिए आयुर्वेद को अपनाएं। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. रमाकांत शर्मा ने आयुर्वेद के महत्व एवं उपचार से स्वस्थ्य रहने के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम अंतर्गत योगदान के लिए राहुल यादव तथा आयुर्वेद पोषक आहार के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती आरती सोनवानी, श्रीमती रूपलता टंडन, श्रीमती विनीता खोब्रागढ़े को सम्मानित किया गया।

जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला व शिविर में शिविर में लगभग 635 नागरिकों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। जनसामान्य ने बल्डप्रेशर, डायबिटीज एवं हीमोग्लोबीन का परीक्षण कराया। बड़ी संख्या में नागरिक अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराने पहुंचे थे। इस अवसर पर मरीजों का औषधि का वितरण भी किया गया। खांसी, सर्दी, मधुमेह, ब्लडप्रेशर, लीवर, पेट संबंधी बीमारी के उपचार के लिए विभिन्न तरह की औषधियों वितरण किया गया। इस दौरान सभी नागरिकों को स्वास्थ्यवर्धक काढ़ा का वितरण किया गया। यहां सी-मार्ट का स्टॉल में दीपावली के लिए पूजन सामग्री उपलब्ध था। जनसामान्य को आयुर्वेद के प्रति जागरूक करने के लिए ब्रोशर का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम महिला बाल विकास चेयरमेन एवं पार्षद वार्ड क्रमांक 4 श्रीमती बैना बाई टुर्हाट, पार्षद वार्ड क्रमांक 6 चिखली अरविन्द वर्मा, पार्षद वार्ड क्रमांक 10 श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे उपस्थित रहे। आयुष पाली क्लीनिक की प्रभारी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सक्सेना ने कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया। आयुष पाली क्लीनिक में आयुर्वेदिक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जहां डॉ. शोबी खान, डॉ. अमरनाथ शुक्ला एवं अन्य चिकित्सकों ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र मेश्राम, डॉ. हर्षा दुबे, डॉ. योगेशवरी ठाकुर, डॉ. इकबाल, डॉ. पन्नालाल वासनिक एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे। डॉ. प्रांजली ने धनवंतरी वंदना एवं डॉ. पूजा अग्रवाल ने मंच संचालन किया।

## आयुर्वेद को अपने जीवन में अपनाएं - शिशुपाल शोरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** सातवां आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयुष पॉलीक्लीनिक कांकेर में जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। हर दिन हर घर आयुर्वेद के विषय पर कार्यशाला एवं प्रदर्शनीय भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं विधायक शिशुपाल शोरी थे तथा अध्यक्षता नगर पलिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष श्रीमती सरोज जितेन्द्र ठाकुर द्वारा की गई एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मांझापारा के पार्षद श्रीमती आरती वास्तव मौजूद थी।

जिला स्तरीय आयुर्वेद चिकित्सा शिविर के अवसर पर अयोजित समारोह को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी ने कहा कि आयुर्वेद हमारे जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा है, समय पर खाना, सोना और उठना, खान-पान की समाग्री, योगा इत्यादि से आयुर्वेद जुड़ा हुआ है। पहले आदमी का जीवनकाल सौ वर्ष का होता था, इसका मूल मंत्र आयुर्वेद है। आयुर्वेद हमें स्वस्थ्य जीवन का रास्ता बताता है। आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित करने पर विभाग के डॉक्टरों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि बीमार लोगों का अच्छा उपचार हो, जिससे वे अपने को निरोग महसूस करें। लोगों का सेवाभाव से ईलाज करने के लिए भी उनके द्वारा समझाईश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका परिषद कांकेर अध्यक्ष श्रीमती सरोज जितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि निरोगी रहने के लिए सभी व्यक्ति आयुर्वेद को अपनाएं, यह हमारे भारतीय जीवन पद्धति का हिस्सा है। नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि शिविर में अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करें। विशिष्ट अतिथि पार्षद श्रीमती आरती वास्तव ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने पर जोर देते हुए कहा कि यह हम सब के लिए बहुत फायदेमंद है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. किरण तिग्गा द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा शिविर के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया। जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर में आयुर्वेद के 192, होम्योपैथी के 187 एवं युनानी के 79 मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ एस.एच.विनोद, डॉ ओ.पी.अग्रवाल, डॉ आर.एन. तम्बोली , डॉ ज्योतिबाला हुमने, डॉ कांता नेताम, डॉ तेजकांत सोनकर, डॉ राहुल ठाकुर द्वारा मरीजों का उपचार किया गया। नंदकुमार सोनलोई, श्रीमती गायत्री दीखित, अभिजीत भक्त, भुनेश्वरी गनवीर निकेश उसेंडी, रंजीता सलाम,ईश्वरी शोरी इत्यादि के द्वारा सहयोग किया गया।

## नारी शक्ति संगठन तेजस्विनी एवं फेडरेशन ऑफ इंडियन प्रोफेशनल ब्यूटीशियन ने कुष्ठ पीड़ित परिवारों के बीच बांटी दीपावली की खुशियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। फेडरेशन ऑफ इंडियन प्रोफेशनल ब्यूटीशियन एंड ऑल इंडिया ब्यूटी पार्लर ऑर्गनाइजेशन तथा अखिल भारतीय नारी शक्ति संगठन तेजस्विनी की जिला इकाई कोरबा के तत्वावधान में दीप पर्व के अवसर पर उजियारा कार्यक्रम के अन्तर्गत 22 अक्टूबर 2022 को कुष्ठ बस्ती मुड़ापार कोरबा में कुष्ठ पीड़ित परिवारों के बीच जाकर दीपावली की खुशियॉ बांटी ।**




नारी शक्ति संगठन तेजस्विनी की सदस्याओं तथा फेडरेशन ऑफ इंडियन प्रोफेशनल ब्यूटीशियन एंड ऑल इंडिया ब्यूटी पार्लर ऑर्गनाइजेशन की कोरबा जिला कार्यकारिणी सदस्य दिव्या राठौर, तेजस्विनी की संयोजिका दीपक भास्कर, ज्ञानलता कुरे, अमरीका दास, हरिहर दास सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यों ने कुष्ठ बस्ती मुड़ापार कोरबा में कुष्ठ प्रभावित परिवारों, महिलाओं एवं बच्चों को दीप पर्व पर उजियारा कार्यक्रम के अन्तर्गत मिट्टी के दीपक, तेल.बाती, बिस्किट फल आदि सामग्री वितरित किया।

अखिल भारतीय नारीशक्ति संगठन तेजस्विनी तथा फेडरेशन ऑफ इंडियन प्रोफेशनल ब्यूटीशियन एंड ऑल इंडिया ब्यूटी पार्लर ऑर्गनाइजेशन द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, ब्यूटी इंडस्ट्रीज के क्षेत्र में युवतियों एवं महिलाओं की आत्मनिर्भरता, शिक्षा, कैरियर निर्माण, आर्थिक स्वावलंबन, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ ही सामाजिक सरोकार, सामाजिक जागरूकता के लिए समय -समय पर विविध कार्यकम आयोजित किए जाते हैं।

## पार्श्व तीर्थ में भक्तों ने किया मंगल पूजा और मांगलिक अनुष्ठान

**दुर्ग।** उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में तीर्थ के अधिष्ठायक देव प्रगट प्रभावी माणिभद्र वीरजी का मंगल पूजा व हवन का मांगलिक अनुष्ठान हुआ। इस वर्ष विराटनगर नेपाल की श्राविका मानक देवी मोहनलाल कोठारी हस्ते सुनीता देवी मुकेश कोठारी, सुशीला देवी उगमचंद कटारिया वणी महाराष्ट्र, तिलोकचंद राजेन्द्र गोलछा, राजनांदगाँव, अतुल्य जैन भिलाई, शांतिलाल पदमचंद बैद राजनांदगाँव ने अनुष्ठान का लाभ लिया। उल्लेखनीय हैं कि इस तीर्थ में वर्ष में एक बार आज ही के दिन माणिभद्रजी का अष्टप्रकारी मंगल पूजा व हवन होता है।







## खास खबर



### शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का स्वागत करेगा वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन

**रायपुर ( ए )।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन और सर्व युवा ब्राह्मण परिषद की आवश्यक बैठक 23 अक्टूबर को आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार में हुई। बैठक में जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराजश्री, ज्योर्तिपीठ बद्रीनाथ प्रमुख और उनके छ.ग. प्रांत प्रमुख इन्दुभवानन्द महाराज के 25 अक्टूबर को कमल विहार गेट से शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला स्वागत पर चर्चा की गई।

बैठक में प्रमुख रुप से अरविंद ओझा प्रांतीय अध्यक्ष, नितिन कुमार झा, संभागीय अध्यक्ष, अरुण शुक्ला अध्यक्ष-कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा, सुरेश शुक्ला अध्यक्ष-सरयूपारिणी ब्राह्मण समाज, रज्जन अग्निहोत्री, सुरेश मिश्रा, सुनील ओझा, दशरथ प्रसाद शुक्ला, राघवेन्द्र मिश्रा, पं. उमेश शर्मा, राघवेन्द्र पाठक, सी. नागेश्वर राव, सादेन्द्र पाण्डेय, आर. के. दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

### मेडिकल एजुकेशन:पीजी के लिए बाहर जा रहे राज्य के मेडिकल स्टूडेंट

**रायपुर।** राज्य में विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी के बीच एक नियम ने मेडिकल स्टूडेंट्स को राज्य के बाहर पढ़ाई करने के लिए मजबूर कर दिया है। खासकर राज्य के ग्रामीण परिवेश से पढ़कर मेरिट में आने वाले स्टूडेंट्स के लिए यह नियम भारी पड़ रहा है। बता दें कि तीन साल पीजी की पढ़ाई के बाद 2 साल ग्रामीण चिकित्सा में सर्विस की अनिवार्यता है। इसके लिए पीजी के एडमिशन के समय दो साल का रूरल बांड भरना होता है। बांड के अनुरूप गांवों में सेवाएं नहीं देने पर 50 लाख रुपए की पेनाल्टी देनी होगी। इसके अनुसार पीजी स्टूडेंट्स को तीन साल की पढ़ाई के बाद ग्रामीण इलाकों में दो साल प्रैक्टिस करनी होगी। ऐसा नहीं करने पर उनको पीजी की डिग्री ही नहीं मिलेगी।

### दीपावली में भी अस्पतालों में 24 घंटे मौजूद रहेंगे डाक्टर, आपातकालीन सेवा में तुरंत मिलेगा इलाज

**रायपुर ( ए )।** दीपावली त्योहार के बीच दुर्घटनाओं व गंभीर चिकित्सा सेवाओं के लिए चिकित्सकीय टीम 24 घंटे सेवाएं देंगी। इसके लिए आंबेडकर अस्पताल, डीकेएस सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल व जिला अस्पताल समेत अन्य शासकीय अस्पतालों में व्यवस्था की गई है। आंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक डाक्टर एसबीएस नेताम ने बताया कि किसी भी आपातकालीन सेवा के लिए अस्पताल में इलाज के इंतजाम हैं। इमरजेंसी विभाग में चिकित्सक व नर्सिंग कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मरीजों को 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं मिलेंगी।

आपात सेवा के लिए अस्पताल के 07712890113 पर काल कर सकते हैं। इधर डीकेएस सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल के सह अधीक्षक डाक्टर हेमंत शर्मा ने बताया कि डीकेएस अस्पताल में सोमवार को ओपीडी सेवाएं बंद रहेगी। लेकिन आपात चिकित्सा सेवा के लिए चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफतैनात रहेंगे। दुर्घटना व अन्य आपात सेवाओं के लिए आने वाले मरीजों को चिकित्सा सेवाएं तुरंत उपलब्ध कराई जाएगी। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डाक्टर पीके गुप्ता ने भी आपात सेवा के लिए व्यवस्था होने की बात कही गई है।

### आंखों के लिए नुकसानदायक है पटाखों का प्रदूषण

संचालक, महामारी नियंत्रण डा. सुभाष मिश्रा ने बताया कि दीपावली में पटाखों को लेकर बरती गई लापरवाही के कारण हाथ और उंगली के बाद प्रभावित होने वाला दूसरा सबसे आम अंग हैं आंखें। पटाखों के धुंएं के कारण आंखों में जलन-चुभन के साथ लालिमा होने का खतरा होता है। इसके अलावा पटाखों से लगने वाली चोट आंखों में घाव, रक्त के थक्के बनने या पुतली को भी नुकसान पहुंचा सकती है। डॉ. सुभाष ने बताया कि पटाखे जलाते समय सावधानी बरतें। बोतल में जलाए जाने वाले राकेट लोगों के चेहरों पर उड़कर लग जाते हैं, जिसके कारण आंखों में चोट के सबसे ज्यादा मामले देखे जाते हैं।

# 108 रामायण ग्रंथों की व्याख्या करने पर रायपुर के महंत को मिली डी लिट की उपाधि

**रायपुर (ए)।** दूधाधारी मठ के महंत डॉ.रामसुंदर दास को रामायण ग्रंथों का विश्लेषण करने पर डी लिट की उपाधि प्रदान की गई है। गांधी चौक स्थित महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय में पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से डी लिट की मानद उपाधि से सम्मानित राज्य गोसेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ.महंत का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।



मुख्य अतिथि पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कहा कि डॉ. महंत छत्तीसगढ़ की एक ऐसी पहचान है जिन्हें हर छत्तीसगढ़िया नागरिक जानता और पहचानता है। डॉ.महंत ने छत्तीसगढ विधानसभा में विधायक के तौर पर भी अपनी कार्यशैली से विशेष पहचान बनाई। साथ ही छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या की जन्मतिथि ज्ञात करने के लिए देशभर के विद्वानों के विचार मंगवाकर एक अनोखा कार्य करने जा रहे हैं।

सम्मानित होने वाले डॉ.महंत ने कहा कि इस उपाधि को प्राप्त करने में चार वर्ष का समय लगा। काफी कठिनाई और 108 से अधिक रामायण की ग्रंथों का विश्लेषण करने के बाद यह उपाधि प्रदान की गई है। डी लिट की उपाधि में शोध अध्ययन के निदेशक डॉ. वैष्णव रहे हैं, जिनके मार्गदर्शन में शोध अध्ययन को पूरा किया है। इस अध्ययन के दौरान 10 से अधिक संस्कृत में शोध पत्रों का प्रकाशन के साथ तीन भौतिक ग्रंथों का भी प्रकाशन किया और उनकी अनुमति के बाद ही यह उपाधि प्रदान की गई।

डॉ.महंत ने कहा कि एक अवसर ऐसा भी था जब अध्ययन के लिए पुस्तकें उपलब्ध नहीं हो पा रही थी, परंतु निश्चय कर लिया था। कई बार यह प्रश्न पूछा गया कि शोध अध्ययन का क्या उपयोग होगा। जवाब में सभी विश्लेषकों को बताया गया कि त्रेता युग में ऋषि मुनि किस तरह का जीवन जिया करते थे। राजा महाराजाओं का तौर तरीका क्या होता था। किस तरह से समाधान निकाले जाते थे। इस अध्ययन से भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म को एक ऊंचाई तक ले जाया जा सकेगा।

आयोजन में शिक्षण समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी, सचिव अनिल तिवारी, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी, उपाध्यक्ष शिक्षण समिति डॉ. आरके गुप्ता, सुरेश शुक्ला आयुक्त भारत स्काउट गाइड, शिक्षाविद डॉ. अंजनी शुक्ला, शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजय दुबे, प्रो. पार्थसारथी, सरोज मिश्रा, अभिजीत तिवारी, विट्ठल अग्रवाल समेत अनेक शिक्षाविद उपस्थित रहे।

## दीपावली पर केले के पत्तों को निर्धारित स्थान बेचा जाएः डॉ. राकेश गुप्ता



**रायपुर।** प्रतिवर्ष दिवाली के दिन केले के पत्ते और तने बेचने के लिए रायपुर शहर कि प्रत्येक सड़क पर यत्र तत्र सैकड़ों स्थानों पर केले के पत्तों और तने का ढेर लगाया जाता है। बिक्री होने उपरांत शाम को इनका बचा-कुचा कचरा विक्रेता सड़क पर ही छोड़ कर चले जाते हैं।


दिवाली के बाद छुट्टियां खत्म होने उपरांत कई दिनों तक नगर निगम के प्रत्येक जोन द्वारा अपने सभी डंपर, जेसीबी और पूरी ताकत लगाकर इन बचे हुए पत्तों इत्यादि को उठाया जाता है, इसके कारण से अन्य सफाई कार्य भी बाधित होते हैं। इस बीच इन के सड़ने से मच्छर पैदा होने की दर भी बढ़ जाती है, जिससे बीमारियां बढ़ती है। बीच सड़कों पर इन्हें लगाने से दिवाली के दिन यातायात भी बाधित होता रहता है।

छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति ने नगर निगम आयुक्त से अपील की है कि वे केले के पत्तों के विक्रेताओं के लिए प्रत्येक जोन में उचित स्थान निर्धारित करें। सडकों पर यत्र-तत्र इन्हें नहीं बिकने दिया जाये तथा दिवाली के दिन प्रातः जल्दी से ही प्रत्येक जोन से मानिटरिंग करवाएं कि ये विक्रेता कहीं पर केले के पत्तों का ढेर नहीं लगाए, इससे इनकी सफाई में सुविधा होगी तथा अन्य समस्याएं पैदा नहीं होंगी।

## रायपुर के जयस्तंभ चौक में दीपावली से पहले मनी दीपावली, खूब फूटे पटाखे

**रायपुर ( ए )।** टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत की पाकिस्तान पर मिली विजय के पश्चात रायपुर के क्रिकेट प्रशंसक झूम उठे। परंपरागत प्रतिद्वंदी के विरुद्ध मिली विजय के बाद सैकड़ों की संख्या में लोग जयस्तंभ चौक पर पहुंच गए। यहां पटाखे फोड़कर और तिरंगा लहराकर इन्होंने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। इस बीच यहां भारत जिंदाबाद, वंदे मातरम् के भी उद्घोष लगाए गए।

मेलबोर्न में हो रहे टी-20 वर्ल्ड कप का मुकाबला भारत ने अपने नाम कर लिया है। भारत ने पाकिस्तान को 4 विकेट से हराया। इस मैच में टीम की जीत के हीरो रहे विराट कोहली, जिन्होंने लगभग अकेले, अपने दम पर टीम को जीत दिलाई। विराट कोहली ने 53 गेंदों में नाबाद 83 रन बनाये। उनके अलावा सिर्फ हार्दिक पांड्या पिच पर टिक पाए। उन्होंने 37 गेंदों में 40 रन बनाये। भारत ने 6 विकेट के नुकसान पर जीत के लिए जरुरी 160 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया।




इस जीत के बाद रायपुर के जयस्तंभ चौक में उत्सव मनाया गया। लोगों ने दीपावली के एक दिन पहले दिपावली मनाई। लोगों ने कहा कि दीपावली के एक दिन पहले पाकिस्तान पर विजय प्राप्त कर भारतीय टीम ने हमे बड़ा उपहार दे दिया है। लोगों ने यहां खूब पटाखे फोड़े। जीत के लिए लोगों ने कोहली को भी धन्यवाद दिया है। उनके नाम से भी जिंदाबाज के नारे लगाए गए।

## दीपावली की पूजा करके आधी रात करेंगे गौरी-गौरा की स्थापना, सूतक से पहले रातभर करेंगे जागरण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी परंपरा में दीपावली की रात गौरी-गौरा की प्रतिमा स्थापित करके पूरी रात पूजा की जाती है। दूसरे दिन भक्तिभाव से जसगीत गाते हुए विसर्जन यात्रा निकाली जाती है। इस साल दीपावली के दूसरे दिन सूर्य ग्रहण होने से ब्रह्ममुहूर्त से पहले ही पूजा संपन्न कर ली जाएगी। सूर्य ग्रहण समाप्त होने के बाद विसर्जन किया जाएगा।

महामाया मंदिर के पुजारी पं.मनोज शुक्ला के अनुसार छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में गौरी-गौरा पर्व श्रद्धा-उल्लास से मनाया जाता है। तालाब से मिट्टी लाकर गौरी-गौरा यानी शंकर-पार्वती की प्रतिमा बनाई जाती है। दीपावली की रात को गांव के चौक पर जिसे गौरी-गौरा चौक ही कहा जाता है,



वहां प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है।

पूरे गांव के लोग उत्सव मनाने जुटते हैं। बुजुर्ग विधि-विधान से पूजा करते हैं। युवक, युवतियां, बच्चे गड़वा बाजा की धुन पर नृत्य करके खुशियां मनाते हैं। रातभर पूजा के बाद अगले दिन गोवर्धन पूजा पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। यह पर्व भगवान शंकर और पार्वती के विवाह उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

### बरात निकालने की परंपरा

बुजुर्ग, महिलाएं छत्तीसगढ़ी लोकगीत गाते हुए तालाब से मिट्टी लेकर आते हैं। उस मिट्टी से दो अलग-अलग पीढ़ों पर गौरी (पार्वती) तथा गौरा (शिव) की मूर्ति बनाकर उसे सजाकर प्रतिष्ठापित किया जाता है। प्रतिष्ठापित करने से पहले मूर्तियों को सिर पर रखकर पूरे गांव में भ्रमण कराया जाता है। गौरी-गौरा के विवाह की प्रथा निभाने के दौरान गाजे-बाजे के साथ बरात निकाली जाती है। पूजन संपन्न होने के बाद गांव के तालाब में प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाता है।

### गोबर से बनाएंगे गोवर्धन पर्वत

गोवर्धन पूजा के दिन घर-घर में गोबर से गोवर्धन पर्वत का प्रतिरूप बनाकर पूजा की जाती है। इस साल सूर्य ग्रहण होने से गोवर्धन पूजा 26 अक्टूबर को की जाएगी। मंदिरों में 56 भोग लगाकर अन्नकूट का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# तीर्थों के दर्शन करने यात्रा करनी पड़ती है, तीर्थ बनने के लिए स्वयं में रहना पड़ता हैः आचार्य विशुद्ध सागर

**रायपुर।** यदि मुस्कुराकर जीवन जीना है तो आज का प्रवचन बहुत ध्यान से सुनिए कि जो अपनी वस्तु होती है उसे पीछे मुड़कर नहीं देखना पड़ता है, पर वस्तु को पीछे मुड़कर देखना पड़ता है। ज्ञानियों निज वस्तु के लिए आंखे ही नहीं खोलनी पड़ती है, आंखे तो बंद रहती है, फिर जो है सो है। भगवान के दर्शन करना है तो मंदिर जाना पड़ेगा, तीर्थों के दर्शन करना है तो यात्रा कर तीर्थ जाना पड़ेगा परंतु तीर्थ बनने के लिए कहीं नहीं जाना पड़ेगा,स्वयं में ही रहना पड़ता है। यह उपदेश सन्मति नगर फाफाडीह में ससंघ विराजित आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने रविवार को अपनी विशेष चतुर्मासिक प्रवचन माला में दिया।

आचार्य ने कहा कि ज्ञानियों मल अप्रयोगी है, लेकिन सूअर के लिए प्रयोगी है, इसलिए क्या सुंदर है,क्या असुंदर है यह विकल्प छोड़ दीजिए,जिसको जो अच्छा लगता है उसके लिए वही सुंदर है और जिसको जो अच्छा नहीं लगता है उसके लिए वह असुंदर है। जिसमें क्षमता और योग्यता नहीं है तो उसे निपनिया (बगैर पानी मिला) दूध मत पिलाना, क्योंकि उसे पचेगा नहीं। किसी को दूध सुख देता है तो किसी को दूध दुख देता है,ऐसे ही मित्र शुद्ध वीतरागी धर्म मिथ्या दृष्टियों को दुख देता है। आचार्य ने कहा कि असमर्थजनों से मार्ग दूषित होता है,जो समर्थवान नहीं वो गाय का शुद्ध निपनिया दूध को क्या पचा पाएंगे। शुद्ध दूध पचाने के लिए जन्म से शुद्ध दूध पीना पड़ेगा। ज्ञानियों शुद्ध दूध से असमर्थ लोगों का पेट दर्द करता है, ऐसे ही मिथ्या दृष्टि असमर्थ प्राणी का वीतराग धर्म को सुनकर पेट दर्द करता है। हमारे धर्म का दोष नहीं है,असमर्थ की शक्ति का दोष है, इसलिए नीति को समझो ज्ञानियों कि असमर्थ लोगों को उत्कृष्ट वस्तु ही नहीं दिखाना चाहिए। मैंने भी आपको यहां पहले समर्थ बनाया, फिर आज इतने दिनों बाद ये कठिन प्रवचन किया। प्रथम दिन जब मैं नगर में प्रवेश किया था, यदि उस दिन यह कठिन प्रवचन करता तो समझ नहीं आता, लेकिन अब आप समर्थवान हो गए हो,अब मैं कितने भी



कठिन प्रवचन करूं आपको समझ में आते हैं। आचार्य ने कहा कि एक भी इंद्रिय स्वयं को विषय नहीं बनाती और आप लोग इतने मद में उन्मत हो,कहते हो कि मेरे घर में यह है,वह है,मेरे पास इतना है,ज्ञानियों किस पर इठला रहे हो ? जो आपकी वस्तु ही नहीं, फिर वस्तुत्व कैसा ? व्यक्ति इठलाता नहीं रोता भी है,लोग कहते हैं मेरे पास यह नहीं है, वह नहीं है, घर नहीं है,अरे मित्रों आप लोग रो किसके लिए रहे हो ? जो आपकी संपत्ति नहीं है,उसे अपनी बनाने के चक्कर में हो, इसलिए रोना पड़ रहा है। आज तक जितने चोर लुटेरे हुए हैं,जितने हंसने रोने वाले हुए हैं, वे बिचारे अज्ञानी मूढ़ प्राणी हैं,उन्हें बोध ही नहीं है,बिचारे उस पर रो रहे हैं जो आपकी वस्तु ही नहीं है। आचार्य ने कहा कि आपके अंदर भेद है,आपके अंदर अभेद है और भेदभेदात्मक वस्तु का जो अस्तित्व है, इसे जाने बिना आप न व्यवहार धर्म का पालन कर सकते हो,न निश्चय धर्म का पालन कर सकते हो। धम्म रसायण यहां पर आरंभ हो गया मित्रों कि अंग अंग अपेक्षा भेदा भेद, एक-एक अंग भिन्न-भिन्न है, इसलिए आपमें भेद है,अंग अंग अलग पर शरीर एक ही है इसलिए अभेद है। संबंध अपेक्षा भेदा भेद जाने,आप भाई भी हो, पिता भी हो और पुत्र भी हो इसलिए भेद है लेकिन आप एक ही व्यक्ति हो इसलिए अभेद है। वस्तु के अंदर भेद देखना पड़ेगा और जो वस्तु के अंदर भेद देखना जानता है, उसे वस्तु के अभेद को भी देखना आना चाहिए। आचार्य ने कहा कि चेतन में या अचेतन में वस्तुत्व नहीं होगा तो दोनों का अस्तित्व नहीं होगा। पर्याय बदल सकती है लेकिन वस्तुत्व नहीं बदलेगा, जो पर्याय रहेगी तो वस्तुत्व रहेगा ही। जैसे मनुष्य आपकी पर्याय है, इस मनुष्य पर्याय में मनुष्यत्व है, मिश्री मीठी है तो मीठासत्व है, मित्रों जो वस्तुत्व है वह वस्तु के गुणों की व्याख्या कर रहा है। ऐसा कुछ भी जगत में नहीं है जिसमें वस्तुत्व न हो, बिना वस्तुत्व के वस्तु होती ही नहीं है।

आचार्य ने कहा कि आज धनत्रयोदशी नहीं है,धन्य त्रयोदशी है। आज के दिन भगवान महावीर स्वामी कैवल्य को प्राप्त किया था,ध्यान की चरम सीमा में पहुंचकर वर्धमान ने आत्म को वर्धमान किया,उत्कृष्ट किया। यदि एक प्रवचन विश्व के व्यक्ति को समझ आ गया तो यह चातुर्मास की सफलता है। आज ऐसा लगता है संपूर्ण विश्व की भाषा हिंदी होती,कितना मिठास हिंदी में है या प्राकृत होती, बहुत मीठी भाषा है, सारा विश्व समझता,लोग समझते इस बात को कि यदि लगता है आपको कि मैं विशेष आदमी हूं,तो ध्यान दें कि विशेषताएं बढ़ती जाए और सामान्य से हटो न,उसका नाम योगी व धर्मात्मा है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















### पसीने की बदबू दूर करने के लिए अब महंगे परफ्यूम पर ना लगाए पैसे

# इन 7 तेल का करें इस्तेमाल

मॉनसून का सीजन जारी हैं लेकिन उमस से लोग परेशान हो चुके हैं जिसके चलते पसीना होना स्वाभाविक हैं। बॉडी से पसीने की बदबू आना एक सामान्य बात है। लेकिन इसकी वजह से दूसरों के पास खड़े होने में भी शर्मिंदगी महसूस होने लगती हैं। अपने बचाव के लिए लोग कई महंगे परफ्यूम का इस्तेमाल करते हैं ताकि पसीने की बदबू को दबाया जा सके। आप चाहे जितने महंगे से महंगे डियोड्रेंट का इस्तेमाल कर लें लेकिन इसका असर कुछ ही समय में गायब हो जाता है। ऐसे में आपको जरूरत होती हैं कुदरती तरीकों की। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे तेल की जानकारी देने जा रहे हैं जो पसीने की बदबू दूर करने का कम करेंगे और आपको महंगे परफ्यूम लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आइये जानते हैं इनके बारे में...

### नेरोली ऑयल

आपको मार्केट में नेरोली ऑयल के कई परफ्यूम मिल जाएंगे। जिनमें नेरोली फूलों की खूशबू मौजूद होती है। लेकिन अगर आप मार्केट से परफ्यूम नहीं खरीदना चाहती तो घर में ही परफ्यूम बना सकती हैं। नेरोली ऑयल को किसी स्प्रे की बोतल में डालकर आप इसे बॉडी पर स्प्रे कर सकती हैं। यह सिर्फ आपको ही नहीं बल्कि आसपास के बाकी लोगों को भी बहुत अच्छी एनर्जी देगा।

### लैवेंडर ऑयल

आपने स्किन केयर रुटीन में कई बार लैवेंडर ऑयल का इस्तेमाल किया होगा। लेकिन आप इसे नैचुरल परफ्यूम के रुप में इस्तेमाल कर सकती हैं। नियमित तरीके से इसका इस्तेमाल करने से एंग्जायटी और तनाव से भी राहत मिलती है। लैवेंडर ऑयल में इंफ्लामेटरी गुण पाए जाते हैं जो त्वचा के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। परफ्यूम के तौर पर इसका इस्तेमाल करने के लिए आप नहाने के बाद अंडर आर्म और गर्दन के कुछ हिस्से में इसे लगाएं। इससे आपके शरीर में पसीने की दुर्गंध नहीं आएगी।

### नारियल का तेल

नारियल तेल शरीर से बदबू हटाने में असरदार होता है। इसमें लॉरिक एसिड पाया जाता है, जो पसीना पैदा करने वाले बैक्टीरिया को खत्म कर देता है। रात को सोने से पहले शरीर के उन हिस्सों पर नारियल तेल लगा कर हल्की मसाज करें जहां से दुर्गंध आती है। इससे पसीने की बदबू कुछ कम हो जाएगी।

### चंदन का तेल

आप चंदन का तेल परफ्यूम के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें एक तरह की खास अरोमा मौजूद होती है जो आपके मन और तन को आराम देने में मदद करता है। यह खूशबू पसीना आने से भी रोकती है।

परंतु इस तेल का इस्तेमाल आप सीधे त्वचा पर न करें। पहले इसे कपड़ों पर लगा लें। सीधे त्वचा पर लगाने से आपको एलर्जी भी हो सकती है।

### टी ट्री ऑयल

टी ट्री ऑयल एक प्राकृतिक एंटीसेप्टिक है जो स्किन पर मौजूद बैक्टीरिया को दूर कर के दुर्गंध पैदा होने से रोकता है। 2 चम्मच पानी में टी ट्री ऑयल की 2 बूंद मिला कर अपने अंडरआर्म्स और अन्य क्षेत्रों पर लगाएं। असरदार रिजल्ट पाने के लिए ऐसा रोज करें।

### गुलाब का तेल


आप गुलाब का तेल भी नैचुरल परफ्यूम के तौर पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। त्वचा के लिए यह काफी फायदेमंद माना जाता है। यह पसीने की बदबू दूर करने में और मन को अच्छा महसूस करवाने में भी मदद करती है। गुलाब के तेल का इस्तेमाल करने के लिए आप इसे कॉटन पर लगाकर या फिर स्प्रे के रुप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

### कपूर का तेल

नहाने के पानी में एक कपूर का तेल मिलाकर नहाने से भी पसीने से बदबू नहीं आती है, साथ ही आप तरोताजा भी महसूस करेंगे। यह नैचुरल एंटीबैक्टीरियल भी है। पसीने की बदबू से छुटकारा दिलाने के साथ-साथ बैक्टीरिया का भी सफाया करता है।



# कंगना रनौत के हाथ लगी एक और बायोपिक फिल्म, नोटी बिनोदिनी का रोल करेंगी अदा



कंगना रनौत इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसी बीच उन्होंने अपनी अगली फिल्म की घोषणा कर दी है। कंगना रंगमंच की दिग्गज कलाकार बिनोदिनी दासी (नोटी बिनोदिनी) की बायोपिक में उनकी भूमिका निभाएंगी। फिल्म का निर्देशन परिणीता और मर्दानी के निर्देशक प्रदीप सरकार करेंगे। फिल्म का लेखन प्रकाश कपाड़िया कर रहे हैं। प्रकाश इससे पहले देवदास, पद्मावत और ब्लैक जैसी फिल्मों का लेखन कर चुके हैं।

कंगना ने कहा, मैं प्रदीप सरकार जी की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। यह मौका मिलने पर मैं बेहद खुश हूं। प्रकाश कपाड़िया जी के साथ मैं पहली बार काम करूंगी। देश के बेहतरीन कलाकारों के साथ इस सफर के लिए मैं बेहद उत्साहित हूं। बता दें, यह कंगना की चौथी बायोपिक फिल्म होगी।

बिनोदिनी का जन्म 1862 में कोलकाता में हुआ था। उन्होंने 12 साल की उम्र से ही अभिनय करना शुरू कर दिया था। 1874 में उन्होंने अपनी पहली प्रस्तुति अपने गुरु गिरीश चंद्र घोष की देखरेख में कलकत्ता राष्ट्रीय रंगमंच पर दी थी। घोष इस रंगमंच के सह-संस्थापक थे। बंगाली रंगमंच के स्वर्णिम दौर का श्रेय घोष को दिया जाता है। अपनी पहली प्रस्तुति से ही बिनोदिनी ने लोगों का दिल जीत लिया था।

24 साल की उम्र में जब बिनोदिनी शोहरत की बुलंदियों पर थीं, तभी उन्होंने अभिनय छोड़ने का फैसला लिया। हालांकि, उनके इस फैसले का सही कारण नहीं मिलता है। महज 12 साल के इस सफर में उन्होंने 80 से ज्यादा किरदारों में अपनी जान डाली। इनमें सीता, द्रौपदी, राधा, आयशा, कैकई, मोतीबीबी जैसे किरदार शामिल हैं। उन्होंने विवाह विभारत, दुर्गेश नंदिनी, अगोमुनी, बुद्धदेव जैसे निर्माताओं के साथ कई यादगार भूमिकाएं निभाई थीं।

1884 में बिनोदिनी ने चैतन्य लीला में वैष्णव संत चैतन्य महाप्रभु का किरदार निभाया था। उनकी इस प्रस्तुति के दौरान दर्शकों में आध्यात्मिक गुरु रामकृष्ण परमहंस भी मौजूद थे। वह बिनोदिनी की प्रस्तुति से बेहद प्रभावित हुए। कहा जाता है कि उनकी प्रस्तुति देखते हुए रामकृष्ण ध्यान में चले गए थे। इसके बाद उन्होंने युवा बिनोदिनी को अपना आशीर्वाद दिया। कंगना की फिल्म में इस तरह की अनसुनी कहानियों के सामने आने की उम्मीद है। यह कंगना की चौथी बायोपिक फिल्म है। वह इससे पहले थलाइवी में जयललिता, मणिकर्णिका में रानी लक्ष्मीबाई की भूमिका निभा चुकी हैं। वहीं फिल्म इमरजेंसी में वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाएंगी।

# अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित की जमाई राजा का बनेगा रीमेक

1990 की सुपरहिट मसाला फिल्म जमाई राजा 32 साल बाद फिर से दर्शकों का मनोरंजन करने जा रही है। बुधवार को फिल्म के 30 साल पूरे होने के मौके पर फिल्म के रीमेक की आधिकारिक घोषणा की गई है। इस फिल्म में अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित और हेमा मालिनी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। फिल्म में अनिल और हेमा के तकरार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। दर्शकों को अब इस रीमेक की अन्य जानकारियों का इंतजार है।

जमाई राजा 19 अक्टूबर, 1990 को रिलीज हुई थी। यह उस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में शामिल थी। फिल्म एक सास और दामाद के टकराव की कहानी थी। दर्शकों ने फिल्म में अनिल और माधुरी की जोड़ी को भी खूब पसन्द किया था। फिल्म का निर्देशन ए कोदनंदरामी रेड्डी ने किया था। यह तेलुगु फिल्म अट्टकु यमुडु अम्माईकी मोगुडू की हिंदी रीमेक थी। अब इस फिल्म को यूट्यूब, अमेजन प्राइम वीडियो और एमएक्स प्लेयर पर देखा जा सकता है। फिल्म के 30 साल पूरे होने के मौके पर इसके रीमेक की घोषणा की गई।

रिपोर्ट्स के अनुसार शीमारू एंटरटेनमेंट, इंडियन मीडिया एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर रीमेक के निर्माण करेगी। जहां पिछली बार यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी, वहीं चर्चा है कि इस बार फिल्म का स्क्रीनप्ले ऐक्शन ड्रामा के रूप में तैयार किया जाएगा। फिल्म के स्टारकास्ट के बारे में फिलहाल कोई घोषणा नहीं कि गई है।

शीमारू एंटरटेनमेंट के सीईओ हीरेन गाड़ा ने अपने बयान में कहा, हम देश का मनोरंजन करने के लिए नए-नए तरीके ढूंढने में अग्रणी हैं। इस इंडस्ट्री के ट्रेंड्स के साथ खुद को बदलते रहना जरूरी है। जमाई राजा के लिए आईएमईएन के साथ हाथ मिलाना, नए दर्शकों को पुराने कंटेंट से रूबरू कराने की तरफ हमारा पहला कदम है। पुराने क्लासिक को नए तरीके से बनाने में उनका एक्सपर्टीज है।

अनिल कपूर की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह हॉलीवुड सीरीज द नाइट मैनेजर के हिंदी रीमेक में नजर आएंगे। इस सीरीज में उनके साथ आदित्य रॉय कपूर भी काम करेंगे। वह ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण के साथ फाइटर में काम कर रहे हैं। वह रणबीर कपूर के साथ एनिमल में भी नजर आएंगे। माधुरी इन दिनों डांस रिएलिटी शो झलक दिखला जा जज कर रही हैं।

# मैंने रॉक क्लाइम्बिंग करना सीखा बोरवेल और गड्ढे में सीक्वेंस शूट किया: निहारिका रॉय



टीवी अभिनेत्री निहारिका रॉय ने शो 'प्यार का पहला नाम राधा मोहन' में एक स्टंट करते हुए खुलासा किया। उन्होंने कहा कि एक्शन सीक्वेंस उनके लिए नए हैं और उन्हें करने में उन्हें मजा आता है। अभिनेत्री, जो वर्तमान में शो में महिला प्रधान राधा की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा, मैंने अपने करियर में पहली बार शो में कई स्टंट किए हैं लेकिन मुझे कहना होगा, मेरे लिए हर दिन नई सीख है। मैंने रॉक क्लाइम्बिंग करना सीखा, मैंने बोरवेल और गड्ढे में एक सीक्वेंस शूट किया।

शो जो राधा (निहारिका) और मोहन (शब्बीर अहलूवालिया) की प्रेम कहानी है, में राधा द्वारा किया गया एक एक्शन सीक्वेंस होगा। आगामी एपिसोड में वह मोहन के साथ अपनी शादी को रोकने के लिए दामिनी (संभाना मोहंती द्वारा अभिनीत) द्वारा आग में धकेलती हुई दिखाई देगी। निहारिका ने कहा कि इन स्टंट को करना उनके लिए कभी आसान नहीं होता लेकिन वह उन्हें करते हुए हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करती हैं। आगे कहा, इनमें से अधिकांश स्टंटों पर मेरी पहली प्रतिक्रिया यह है कि 'मैं इसे कैसे करूंगी?' फिर मैंने एक गहरी सांस ली और इसे करने के लिए अपना सब कुछ दे दिया। हाल ही में, मैंने आग के साथ एक सीक्वेंस शूट किया, और यह मेरे लिए चुनौतीपूर्ण था। यह एक छोटा सा कमरा था जो चारों तरफ से आग से जगमगा रहा था, यह डरावना था फिर भी रोमांचक था। 'प्यार का पहला नाम राधा मोहन' जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# कई पोषक गुणों से समृद्ध होता है आइस एप्पल

दक्षिण भारत के अत्यधिक लोकप्रिय फलों में से एक आइस एप्पल पौष्टिक फल है जिसे तमिल में टडगोला कहा जाता है। यह एक नारियल जैसा फल है जो अंदर से बर्फ की तरह लगता है। यह रसदार फल फाइटोन्यूट्रिएंट्स, कार्ब्स और कैल्शियम जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसके अतिरिक्त, यह कम कैलोरी वाला फल हाइड्रेटिंग और कूलिंग गुणों से भी समृद्ध होता है। आइए जानते हैं कि आइस एप्पल के सेवन से क्या-क्या फायदे मिलते हैं।

### त्वचा के लिए है लाभदायक

आइस एप्पल एंटी-इंफ्लेमेटरी और कूलिंग गुणों से भरपूर होता है जो त्वचा के लिए बहुत अच्छे होते हैं। ये गुण त्वचा की सूजन को दूर करने समेत दानों और चकत्ते का इलाज कर सकते हैं। इसमें मौजूद फाइटोकेमिकल्स कोलेजन का उत्पादन भी बढ़ाते हैं और हानिकारक मुक्त कणों से लड़ने में मदद करते हैं। खुजली को शांत करने के लिए आप अपनी त्वचा के प्रभावित हिस्से पर आइस एप्पल के गूदे को भी लगा सकते हैं।



### वजन घटाने में है सहायक

अगर आप अपना वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं तो अपनी डाइट में आइस एप्पल को जरूर शामिल करें। इस स्वास्थ्यवर्धक फल में उच्च पानी की मात्रा आपके पेट को लंबे समय तक भरा रखती है जिससे आप अनहेल्दी चीजों के सेवन से खुद को बचा सकते हैं। इस फल में कैलोरी भी कम होती है जो वजन घटाने में मदद करती है। इसमें मौजूद डाइटरी फाइबर पाचन प्रक्रिया को स्वस्थ रखने में भी मदद करता है।

### मधुमेह को करे नियंत्रित

कार्ब्स में कम और विटामिन और खनिजों से भरपूर आइस एप्पल का सेवन मधुमेह रोगियों के लिए भी सुरक्षित है। इसमें मौजूद पोटेशियम की उच्च मात्रा इंसुलिन के बढ़े हुए उत्पादन को नियंत्रित करती है जिससे ब्लड शुगर का स्तर कम होता है। एक अध्ययन के अनुसार, जिन मधुमेह रोगियों ने आइस एप्पल खाएं, उन्होंने अपने ब्लड शुगर के स्तर में कमी का अनुभव किया। रोजाना सुबह इसका सेवन करने से आपका संपूर्ण स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है।

### बालों को बनाता है मजबूत

आइस एप्पल बालों का रूखापन और बेजानपन कम करके इन्हें मुलायम, स्वस्थ और चमकदार बना सकता है। यह एक प्राकृतिक कंडीशनर के रूप में कार्य करता है और आपके बालों को मजबूत करने में मदद करता है। यह बालों से संबंधित समस्याओं जैसे स्प्लिट एंड्स, सन डैमेज, जल्दी गंजापन और बालों का समय से पहले सफेद होना कम करने में भी मदद करते हैं। इसकी मदद से बालों का झड़ना भी कम होता है।

### हाइड्रेट करने समेत थकान करें दूर

अगर किसी भी कारण आप खुद में डिहाइड्रेशन और कम ऊर्जा महसूस करें तो उस दौरान आइस एप्पल का सेवन जरूर करें। इससे आपके शरीर पर कूलिंग प्रभाव पड़ेगा और प्राकृतिक रूप से डिहाइड्रेशन का इलाज होगा। इन फलों में पोटेशियम और सोडियम की उच्च मात्रा शरीर में द्रव और इलेक्ट्रोलाइट के संतुलन को बनाए रखने में भी मदद करती हैं।

# जल्द ही ओटीटी प्लैटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर आएगी ब्रह्मास्त्र

बात ट्रोलिंग की हो, वीएफएक्स की, स्टारकास्ट की या लंबी फिल्ममेकिंग की, ब्रह्मास्त्र इस साल की सबसे चर्चित फिल्म रही है। यह 9 सितंबर को सिनेमाघरों में आई थी। अच्छाई हो या बुराई, लोगों ने मुंहजबानी फिल्म का खूब प्रचार किया और फिल्म को दर्शकों की अच्छी संख्या मिलती रही। अब लोगों को फिल्म के ओटीटी पर आने का इंतजार है। ऐसे लोगों का इंतजार जल्द खत्म होने जा रहा है। फिल्म की ओटीटी रिलीज की खबर सामने आई है।

बता दें कि डिज्नी+ हॉटस्टार इस फिल्म का स्ट्रीमिंग पार्टनर है। चर्चा है कि फिल्म को दिवाली के मौके पर ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा।

रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म 4 नवंबर को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। फिल्म में आलिया भट्ट और रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में नजर आए थे। इनके अलावा फिल्म में शाहरुख खान, नागार्जुन अक्किनेनी, अमिताभ बच्चन और मौनी रॉय भी नजर आए। तगड़ी स्टारकास्ट ने भी फिल्म के लिए दर्शक जुटाने का काम किया।

फिल्म में शाहरुख खान के कैमियो ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। फिल्म में वह एक साइंटिस्ट के किरदार में नजर आए थे। फिल्म के वीएफएक्स की भी खूब तारीफ की गई। रिलीज से पहले निर्देशक अयान मुखर्जी ने फिल्म का खूब प्रचार किया था। वहीं, फिल्म के बचकाने संवाद इसकी ट्रोलिंग का कारण बने। बह्मास्त्र के साथ ही इसके अगले भाग की भी घोषणा हो चुकी है। अगले भाग में दीपिका पादुकोण के शामिल होने की चर्चा है।

ब्रह्मास्त्र अयान मुखर्जी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इस फिल्म के जरिए वह अपना सिनेमैटिक यूनिवर्स बनाना चाहते हैं। यह फिल्म तीन भागों में आएगी। अयान ने इस ट्रिलॉजी का नाम अस्त्रावर्स रखा है। फिल्म एक रहस्यमई दुनिया की कहानी है जिसमें कुछ अस्त्र शामिल हैं। सदियों से ये अस्त्र और इनके रक्षक हमारे बीच मौजूद हैं छिपकर इनका इस्तेमाल लोगों की भलाई के लिए कर रहे हैं। फिल्म में रणबीर कपूर अग्नी अस्त्र के रूप में नजर आए हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005



चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### पुलिस अधीक्षक शहीद परिवार के घर जाकर परिजनों से मिले

**गरियाबंद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के द्वारा दीपावली पर्व के अवसर पर गरियाबंद जिले के शहीद परिवारों से रूबरू हुए, हाल-चाल एवं समस्याओं के बारे में पूछे साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं व शहीद परिवारों को मिलने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे बिना किसी झिझक के मिल सकते हैं और अपनी समस्याओं को रख सकते हैं, अपने स्तर पर तत्काल समाधान करने एवं अन्य विभाग से संबंधित कार्य होने पर संबंधित को बात कर समाधान कराने का आश्वासन दिए।साथ ही सभी शहीदों के परिजनों के सुख-दुख में शासन, पुलिस विभाग एवं क्षेत्र की जनता हर वक्त साथ खड़े होकर, शहीदों के बलिदान को सदा याद किया जाएगा।दीपावली पर्व के अवसर पर शहीद परिवार के परिजनों का उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उपहार स्वरूप मिठाई एवं पटाखे भेंट किए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश सिंह ठाकुर,रक्षित निरीक्षक उमेश राय,थाना प्रभारी सिटी कोतवाली गरियाबंद गौतम गावडे भी शहीद परिवारों के परिजनों से रूबरू हुए।

### ग्राम झरगांव के ग्रामीणों ने शिक्षक की मांग को लेकर कलेक्टर से की मुलाकात

**गरियाबंद।** हाई स्कूल ग्राम पंचायत झरगांव विद्यालय में स्वैच्छिक स्थानान्तरण करने वाले शिक्षकों के रिक्त स्थान पर शिक्षकों की नियुक्ति करने के लिए ग्रामीण गरियाबंद पहुँचकर कलेक्टर से मिले,जहां ग्रामीणों नें बताया ग्राम पंचायत झरगांव विकास खंड मैनपुर,जिला गरियाबद (छ.ग.) के शा उच्च मा विद्यालय में छह शिक्षक पदस्थापित थे, जिनमें से तीन शिक्षकों द्वारा स्वैच्छिक स्थानान्तरण किया गया था, जिसके कारण केवल तीन शिक्षक ही बचे हैं जिसके चलते बच्चे ज्यादा हैँ शिक्षक कम हैँ जिससे बच्चों की पढ़ाई नही हों पर रही हैँ। इसकी शिकायत कलेक्टर से कि गयी। इस शिकायत पर कलेक्टर नें कहा कि तीन शिक्षकों का एक साथ तबादला तो नही होना था.कैसे हुआ पता लगा कर शिक्षको कि व्यवस्था कराते हैँ।

# देश के नंबर एक मुख्यमंत्री बनने पर युकां अध्यक्ष ने बांटी मिठाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के आदेश अनुसार एवं राज्य युवा आयोग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार के मार्गदर्शन में राजनांदगांव युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा के नेतृत्व में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश भघेल को देश के सवर्श्रेष्ठ मुख्यमंत्री बनने पर राजनांदगांव युवा कांग्रेस द्वारा मिठाई खिला कर प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त किया 7**



गुरभेज सिंह माखीजा ने कहा के छत्तीसगढ़ राज्य में पिछले एक साल से बेरोजगारी दर देशभर के राज्यों में सबसे कम बनी हुई है 7 यह लगातार 1 प्रतिशत से कम है 7 माखीजा ने प्रदेश में भूपेश बघेल की सरकार किसान,गरीब व गांव हितैषी होने के साथ ही हर वर्ग को कुछ न कुछ देने वाली सरकार है। इसलिए राज्य की जनता भूपेश बघेल सरकार को जनता से लेने वाली नहीं जनता को देने वाली सरकार कहती हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की आर्थिक नीतियों का लाभ राज्य के हर वर्ग को मिल रहा है। हर वर्ग के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है। युवा कांग्रेस राजनांदगांव शहर अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा ने कहा कि सीएम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में न्याय योजना बनाकर पहले किसानों, उसके बाद भूमिहीन लोगों को लाभ पहुंचाया। गोधन न्याय योजना बनाकर गांव के लोगों को रोजगार मुहेया करा कर उनकी आय बढ़ाने का प्रयास किया। इन तमाम योजनाओं के जरिए भूपेश बघेल ने राज्य के लोगों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का प्रयास किया है। सीएम के इन तमाम प्रयासों के कारण ही राज्य का विकास का माडल देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस दौरान जोंटी सिंह , जयदीप ढल्ला , पवन खाती ,अमनदीप भाटिया, प्रिंस कंग, पवन राजपूत , शुभम जंघेल, शुभम प्रजापति, राहुल, अमित, संस्कार ,रोशन ,शशंक डोंगरे ,विपुल, मुकुल , यश एवं अन्य युवा कांग्रेस के साथी उपस्थित थे।

# गुणवत्ताहीन मिठाई एवं खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने होटलों का निरीक्षण

## विभिन्न होटलों से 47 हजार 500 रुपए की हुयी चालानी कार्यवाही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़। त्योहारी सीजन में मिलावटी व गुणवत्ताहीन मिठाई एवं खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न मिठाई दुकानों में निरीक्षण किया गया। जिसमें गत दिवस भटगांव स्थित बालाजी होटल से बर्फी वह बूंदी लड्डू का खाद्य नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया व होटल भटगांव में अत्यधिक गंदगी मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा संचालक को फटकार लगाते हुए नोटिस जारी किया गया।**



उक्त फर्म से 10 किलो अवमानक चमचम मिठाई को नष्ट कराया गया अन्य होटल व मिठाई दुकान के संचालकों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वही दूसरे दिन जिला मुख्यालय सारंगढ़ में जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच करते हुए छापामार कार्रवाई की गई जिसमें सूरज होटल सारंगढ़ में भारी गंदगी मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा नोटिस जारी कर चमचम मिठाई का सैंपल गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया एवं संचालक पर सीएमओ नगरपालिका सारंगढ़ द्वारा 5 हजार रुपए का चालान काटा गया।

इसी तरह गंदगी मिलने पर नीलम होटल सारंगढ़ में 5 हजार, अभिनंदन सारंगढ़ में 5 हजार ठाकुर बिरियानी सेंटर सारंगढ़ में 5 हजार, जय भवानी रेस्टोरेंट सारंगढ़ में 5 हजार, राजेंद्र होटल सारंगढ़ में 5 हजार, लाला होटल सारंगढ़ में 2 हजार का चालान काटा गया।

इसी तरह बरमकेला सरिया के विभिन्न होटलों में चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 47 हजार 500 रुपए का चालान काटा गया। उक्त कार्यवाही में जिला खाद्य अधिकारी, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी, तहसीलदार सारंगढ़, बरमकेला सरिया, नगर पालिका सीएमओ सारंगढ़ बरमकेला सरिया खाद्य निरीक्षक व अन्य अधिकारी गण शामिल थे।

### जप्त किए गए घरेलू सिलेंडर

जांच के दौरान अभिनंदन होटल सारंगढ़ में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा था जिस पर खाद्य निरीक्षक सारंगढ़ द्वारा जब्ती की कार्रवाई की गई ।

### नहीं था लाइसेंस डिस्प्ले मिठाईयो में निर्माण की तिथि गायब

जांच के दौरान मिठाई दुकानों में न तो खाद्य लाइसेंस सही जगह पर डिस्प्ले मिला और न ही मिठाइयों में निर्माण तिथि, जिस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मिठाई दुकान संचालकों को वैद्य खाद्य लाइसेंस सही जगह प्रदर्शित करने मिठाइयों में निर्माण व अवसान तिथि प्रदर्शित करने खाद्य पदार्थों में न्यूज़पेपर का उपयोग न करने व स्वच्छ माहौल में मिठाई व खाद्य पदार्थों का निर्माण करने एवं उच्च गुणवत्ता के खाद्य पदार्थो का उपयोग करने के दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही विभिन्न मिठाई दुकानों से लगभग 40 केजी और मानक व बासी मिठाइयों को तुरंत नष्ट करवाया गया।

# एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया का 5 दिवसीय दौरा कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी पी.एल. पुनिया दिनांक 27 अक्टूबर 2022 गुरूवार को इंडिगो के नियमित विमान सेवा द्वारा शाम 5.10 बजे रायपुर पहुंचेंगे। शाम 6 बजे सर्किट हाउस, रायपुर में वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ बैठक। दिनांक 28 अक्टूबर 2022 शुक्रवार को दोपहर 2.30 बजे नियमित विमान से रायपुर से जगदलपुर के लिये रवाना होंगे।**



दोपहर 3.30 बजे जगदलपुर पहुंचेंगे। शाम 6 बजे जगदलपुर में विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ बैठक में शामिल होंगे एवं रात्रि विश्राम जगदलपुर में करेंगे।

दिनांक 29 अक्टूबर 2022 शनिवार को सुबह 10 बजे जगदलपुर से दंतेवाड़ा के लिये रवाना होंगे। दोपहर 12 बजे दंतेवाड़ा में माता दंतेश्वरी जी का दर्शन करेंगे। दोपहर 2 बजे दंतेवाड़ा में विधानसभा क्षेत्र दंतेवाड़ा के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ बैठक में शामिल होंगे। शाम 4 बजे दंतेवाड़ा से जगदलपुर के लिये रवाना होंगे एवं रात्रि विश्राम जगदलपुर में करेंगे। दिनांक 30 अक्टूबर 2022 रविवार को सुबह 10 बजे सर्किट हाउस जगदलपुर में वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ बैठक में शामिल होंगे। दोपहर 1.20 बजे नियमित विमान से जगदलपुर से रायपुर के लिये रवाना होंगे। दोपहर 2.30 बजे रायपुर पहुंचेंगे एवं रात्रि विश्राम रायपुर में करेंगे।

दिनांक 31 अक्टूबर 2022 सोमवार को सुबह 11 बजे राजीव भवन रायपुर में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेंगे। दोपहर 1.30 बजे इंडिगो के नियमित विमान सेवा द्वारा रायपुर से लखनउ के लिये रवाना होंगे।

# दीपावली और छठ पर्व को लेकर भीड़ के नजारे, सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। दीपावली और छठ पर्व को लेकर लोगों में उत्साह है और सड़कों पर भीड़। बाजार की स्थिति भी लगभग ऐसी है। ऐसे में भीड़ भाड़ का फायदा लेकर अप्रत्याशित गतिविधियां ना हो सके, पुलिस ने इसका विशेष ख्याल रखा है। शहरी क्षेत्र में पॉइंट फिक्स करने के साथ आर्म्स गार्ड भी तैनात किए गए हैं। जबकि कारोबारी वर्ग ने अपनी ओर से अलग कोशिश की है।**




धनतेरस के साथ 5 दिन तक चलने वाला दीपावली पर्व शुरू हो गया है। नवरात्रि के बाद से ही सड़कों में रौनक बनी हुई थी। व्यवसाई कंपलेक्स के अलावा दुकानों में खरीदारों की उपस्थिति लगातार कायम है और यह एकादशी तक यूं ही नजर आएगी। त्योहारी सीजन में कई प्रकार की चुनौतियां भी पेश आती हैं और इसके कारण स्वाभाविक रूप से परेशानियां भी होती हैं। पिछले अनुभव को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने अपने स्तर पर यहां तैयारी की हुई है। सीएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी ने बताया कि खास तौर पर शहरी क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर जरूरी सभी प्रबंध पुलिस की ओर से किए गए हैं। सभी थाना क्षेत्रों में दो दो पॉइंट बनाए गए हैं और व्यवस्था को इस पर सेंट्रलाइज किया गया है।

इसके अतिरिक्त आर्म्स गार्ड की तैनाती भी विभिन्न क्षेत्रों में की गई है। ताकि भीड़ भाड़ की स्थिति में किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति पर नजर रखी जा सके। इसके साथ ही किसी भी घटनाक्रम पर त्वरित रूप से पुलिस कार्रवाई कर सकें। थाना स्टाफ को भी इस बारे में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं और इसके अंतर्गत काम करने को कहा गया है। एसपी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा पहले ही त्योहारी सीजन पर की जाने वाली तैयारी को लेकर रणनीति बनाई जा चुकी है । कई आवश्यक निर्देश अधीनस्थों को दिए गए हैं। कामकाज इसके आधार पर किया जाना है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने सी-मार्ट में खरीदा गोबर से बने दीये

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर। महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा विभिन्न प्रकार की सामग्री तैयारी की जार ही है, जिन्हे स्थानीय बाजार के अलावा जिला मुख्यालय कांकेर स्थित सी-मार्ट में विक्रय के लिए उपलब्ध कराया गया है। जिला पंचायत के अध्यक्ष हेमंत ध्रुव एवं जिला पंचायत सदस्य तथा कृषि स्थायी समिति के सभापति नरोत्तम पडोटी ने आज सी-मार्ट पहुंचकर स्व-सहायता समूहों द्वारा गोबर से बनाये गये दीया खरीदा।**

इसके साथ ही उनके द्वारा मोमबत्ती, रागी का कुकीज सहित अन्य सामग्री भी खरीदी गई तथा समूह की महिलाओं को अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ग्राम कुरना के नारी निकेतन समूह के सदस्य श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं निर्मला साहू भी अपने समूह द्वारा तैयार की गई सामग्रियों विक्रय के लिए सी-मार्ट में पहुंचे थे, उनसे जिला पंचायत अध्यक्ष ध्रुव एवं सदस्य पडोटी ने चर्चा कर उनके समूह की गतिविधियों की जानकारी ली एवं उनके द्वारा तैयार की गई उत्पाद को भी खरीदा। इस अवसर पर बिहान के जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता प्रसाद भी मौजूद थी। उन्होंने बताया कि महिला स्व-सहायता समूह द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार की जा रही है, जिसके विक्रय के लिए मार्केट उपलब्ध कराया जा रहा है। स्थानीय बाजार के अलावा जनपद स्तर पर विक्रय केन्द्र एवं सी-मार्ट में महिला स्व-सहायता समूह द्वारा तैयार की गई सामग्रियों को विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिनमें गोबर से बन दीया, मोम से बना दीया एवं मोमबत्ती, आचार, पापड़, शहद, अगरबत्ती, कुकीज, हल्दी, मिर्च, धनिया पाउडर, तिखूर, ब्राउन राईस (चांवल), दाल, कोदो, कुटकी, मड़िया चांवल, हैण्डवाश, फिनाईल, रंगोली एवं सजावटी सामाग्रियों के अलावा डेलीनीड्स सामाग्री भी शामिल है।

सी-मार्ट में उक्त सामाग्रियों के अलावा बस्तर आर्ट से संबंधित सामाग्री भी विक्रय के लिए उपलब्ध है। दीपावली को देखते हुए वर्तमान में गोबर से बने दीये की मांग ज्यादा हो रही है। उन्होंने बताया कि आठ समूह एवं एक उत्पादक समूह तथा एक संकुल संगठन से जुड़कर 141 परिवार उत्पादन का कार्य कर रहें है।

### जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू सम्मानित हुए

**राजनांदगांव।** तहसील साहू संघ नांदगांव में बैठक आयोजित कर जिले के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष भागवत साहू जिला साहू संघ राजनांदगांव बनने पर फूल मालाओं ,गुलदस्ता भेंटकर, तिलक लगाकर,श्री फल देकर सम्मानित किया गया। तहसील साहू संघ राजनांदगांव के बैठक का शुभारंभ भक्त मां कर्मा की तैलचित्र में पूजा अर्चना आरती कर किया गया। बैठक में तहसील साहू संघ के विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा परिचर्चा हुई। इस दौरान नीलमणि साहू, चंद्रशेखर साहू ,डॉ महेश साहू, मनोज साहू, कामता साहू ,तुल दास साहू, श्रीमती अंजू साहू, शैलेंद्री साहू, शिवकुमार साहू, तिलक राम साहू ,मंथीर राम, परदेसी राम, गोपाल साहू, माखन साहू सहित तहसील साहू संघ के पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

YF Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

राजहंस राजस्थानी थाली
पार्सल सुविधा
स्वाद घर का.....
राजस्थानी पारंपरिक व्यंजनों की स्वाद का आनंद लें
घड़ी चौक के सामने, गौरी लॉज के नीचे, सुपेला, भिलाई
संतोष शर्मा : 9649604367 देवीलाल शर्मा : 9783391314 प्रतीक दवे : 9752525050

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### कांग्रेस नेता के घर में चोरी, 1 किलो चांदी, 10 तोला सोना और 2 लाख कैश ले उड़े चोर

**सक्ति।** छत्तीसगढ़ के नव निर्मित सक्ति जिला में एक कांग्रेस नेता के दिनदहाड़े लाखों रुपए की चोरी हो गई है। चोर कांग्रेस नेता के घर से एक किलो चांदी, दस तोला सोना और 8 लाख रुपए से ज्यादा कैश ले उड़े हैं। घटना जिले के कंचनपुर में कांग्रेस नेता अनिल चंद्रा के घर की है। जहां सूने मकान से चोरों ने 2 लाख नगद, 1 किलो चांदी और 10 तोला सोने के जेवरात समेत कुल 8 लाख की चोरी कर ली। जैजैपुर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रहे अनिल चन्द्रा घटना के समय अपने परिवार के साथ राजधानी रायपुर में थे। रविवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वोटिंग के लिए आए थे रायपुर कांग्रेस नेता अनिल चंद्रा ने बताया कि 17 अक्टूबर को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए वोटिंग थी। इसके लिए वे परिवार के साथ रायपुर पहुंचे हुए थे। 22 अक्टूबर को मामा ने फोन कर बताया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। जानकारी मिलने पर वे शाम में रायपुर से सक्ती पहुंचे। कांग्रेस नेता अनिल चंद्रा ने बताया कि जब वे कंचनपुर गांव स्थित घर पहुंचे, तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जाकर देखा तो अलमारी भी खुली हुई थी। अलमारी का सारा सामान चोरी कर लिया गया था। कुछ सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। अटैची भी खुली हुई थी। उसमें रखा सामान भी गायब था। उन्होंने बताया कि चोरों ने 2 लाख नगद, एक किलो चांदी कीमत 60 हजार रुपए, 10 तोला सोने के गहने कीमत 5 लाख 40 हजार पार कर लिए हैं।

### पिता व भाई की शराब पीने की आदत से परेशान नाबालिग ने की खुदकुशी, फंदे पर लटकी मिली लाश

**बिलासपुर।** पिता, भाई व चाचा की शराब पीने की आदत से परेशान नाबालिग की आत्महत्या का एक मामला सामने आया है। रविवार की सुबह घर से दूर नाबालिग की लाश मिली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। घटना बिलासपुर जिले के रतन पुर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार बजरंग गोड़(16) की रविवार की सुबह फंदे पर लटकती लाश मिली। शनिवार शाम से वह घर से गायब था। परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। रविवार सुबह गांव के लोगों ने फंदे पर लटकी लाश देखी और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त की और परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जांच के दौरान पता चला कि नाबालिक अपने परिवार के लोगों की शराब पीने की आदत से परेशान था। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नाबालिग के पिता, भाई और चाचा हमेशा शराब पीते थे। इसके बाद घर पर झगड़ा किया करते थे। इसी बात से बजरंग काफी परेशान रहता था और अपने पिता व भाई को अक्सर समझाता था लेकिन वे नहीं माने। वे उसकी मां से भी मारपीट करते थे। इन्हीं सभी बातों से परेशान होकर उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

### अमलेश्वर हत्या और लूट का खुलासा

# यूपी व बिहार से आरोपियों की हुई धरपकड़ मास्टर माइंड सहित चार आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** अमलेश्वर में समृद्धि ज्वेलर्स में लूट व हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना के 24 घंटे के अंदर पुलिस मास्टर माइंड के साथ ही चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हत्या का मास्टर माइंड थाना टिकरापारा, टीटी नगर की हत्या एवं लूट में पुलिस कस्टडी से फरार हुआ था। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस बिहार व यूपी पुलिस की मदद ली और इस प्रकार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पुलिस ने पटना में प्रयुक्त वाहन होण्डा सिटी, मोटर सायकल, पिस्टल, कट्टा एवं कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी अभिषेक झा व उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करने वाली टीम को आईजी दुर्ग रेंज ने नगद इनाम देने की घोषणा की है।



बता दें अमलेश्वर स्थित समृद्धी ज्वेलर्स के संचालक सुरेन्द्र सोनी पर हमला कर अज्ञात लुटेरों ने दुकान से सोने चांदी के जेवर व कैस लूटकर फरार हो गए थे। घर पर सीसी टीवी फुटेज वॉच कर रहे संचालक के पुत्र तनिष्क सोनी ने लूट की घटना को देखा और दुकान पहुंचे। इस दौरान रास्ते में तीन लोगों को बाइक से जाते देखा जो उसकी दुकान में मौजूद थे। दुकान पहुंचने पर सुरेन्द्र सोनी घायल पड़े हुए थे और लॉकर खुला हुआ था।

इसके बाद पहले तो तनिष्क ने अपने पिता को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद इस मामले में तनिष्क सोनी की शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 302, 394, 397, 449 मादवि एवं 25, 27 आर्म्र्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज वॉच कर आरापियों की पहचान की। इसके बाद लगातार पुलिस आरोपियों का लोकेशन देख रही थी।

#### सीसी फुटेज से पकड़ाए आरोपी

जांच के दौरान आरोपियों द्वारा घटना के लिए जिस मोटर सायकल क्रमांक JH12N2701 का उपयोग किया गया था उसे ग्राम कुन्दाली रायपुर के पास छोडकर फरार हो गये। सीसीटीव्ही फुटेज में मोटर सायकल के आगे एक HONDA CITY कार क्रमांक DL 4CAH2592 जाते हुए दिखायी दे रही थी, जिससे यह अनुमान लगाया गया कि आरोपियों द्वारा मोटर सायकल क्रमांक JH12N2701 छोड़कर HONDA CITY कार क्रमांक DL4CAH2592 से भागे है।

आरोपियों द्वारा घटना के उपरांत प्रयुक्त कार को रायपुर में देखे जाने से तत्काल टीम रवाना हुई। इसके बाद कार तरपोंगी रायपुर के टोल प्लाजा में बिलासपुर की ओर जाते हुए दिखी। इसके बाद बिलासपुर पुलिस को लाइनअप किया गया लेकिन जब तक पुलिस पहुंची वे भाग चुके थे। पुलिस की टीम आरोपियों के निवास की ओर जाने वाले संभवित टोल प्लाजा को चेक करते हुए आगे बढ़ रही थी अगले दिन वाहन क्रमांक DL4CAH2592 को वाराणसी के आईटीएमएस कैमेरे में सर्च करने पर शहर के अंदर प्रवेश करते दिखी। इससे पता चल गया कि आरोपी वाराणसी में ही हैं।

#### ट्रैफिक जाम करके सीजी पुलिस ने आरोपियों को दबोचा

सीजी पुलिस भी वाराणसी पहुंची और इधर एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने वाराणसी कमिश्नर से संपर्क कर उक्त घटना की जानकारी दी। वाराणसी रेलवे स्टेशन पर आरपीएफको भी इसकी सूचना दी गयी। इसके बाद कार जिस रूट पर जा रही थी उस रूट पर ट्रैफिक जाम किया गया। इससे सीजी पुलिस की टीम ने आरोपियों को दबोच लिया। इसके बाद टीम आरोपियों को समीप के थाना सिगरा वाराणसी ले गई और वहां पूछताछ के बाद सोना चांदी के आभूषण एवं घटना में प्रयुक्त पिस्टल एवं देषी कट्टा बरामद किया। घटना का मास्टर माइंड अनुपम झा उर्फ अभिषेक झा है जिसने सौरभ कुमार सिंह, अभय कुमार भारती एवं आलोक कुमार यादव के साथ लूट के उद्देश्य से अमलेश्वर में रेकी की और वारदात को अंजाम दिया। इस पूरी कार्रवाई में एन्टी क्राईन एवं सायबर यूनिट के निरीक्षक संतोष मिश्रा, सउनि शमित मिश्रा, पूर्ण बहादुर आरक्षक शहबाज खान, विक्रांत यदु, कोमल राजपूत, एवं आरपीएफवाराणसी के निरीक्षक अजुलता द्विवेदी एवं आरक्षक रमेश यादव का आरोपियों की घेराबंदी कर पकड़ने में उल्लेखनीय योगदान रहा। तकनीकी साक्ष्य एकत्र एवं सीडीआर एनालिसिस करने में प्रधान आरक्षक एसीसीयू चन्द्रशेखर वजीर का योगदान रहा। साथ ही इस पुरी प्रकरण को सुलझाने में एसीसीयू एवं दुर्ग जिले के चुनिंदा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## भिलाई में पकड़े गए कछुवा तस्कर, नागपुर से लेकर पहुंचे थे विशेष प्रजाति का कछुआ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नेवई पुलिस ने रविवार को कछुआ तस्करी कर रहे 6 लोगों को पकड़ा। नागपुर महाराष्ट्र से कछुआ लाकर भिलाई में बेचने की तैयारी की जा रही थी। तस्करों के पास से विशेष प्रजाति का कछुआ बरामद हुआ है। इसे महंगे दाम में बेचने की फिराक में तस्कर घूम रहे थे इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर इन्हें पकड़ा। तस्करों में नागपुर के चार व भिलाई के लोग शामिल है। पुलिस पकड़े गए तस्करों से पूछताछ कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना के आधार पर नेवई पुलिस की टीम मैत्री गार्डन के पहुंची। यहां पर कुछ लोग कछुआ बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस टीम के साथ थाना प्रभारी ममता अली शर्मा भी पहुंची थी। मौके पर सभी को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई। तलाशी लेने पर इनके पास से एक विशेष प्रजाति का कदुआ मिला। पुलिस ने सभी को



गिरफ्तार किया और कछुआ बरामद किया। पकड़े गए आरोपियों में नागपुर निवासी श्रीराम आसेकर, देवीदास मिश्रा, ओम प्रकाश वैष्णव, मनीष कौशिक, सुपेला भिलाई निवासी निखिल टंडन व कमलेश यादव शामिल हैं। बताया जा रहा है कि विशेष प्रजाति का कछुआ लोग वास्तु के लिए अपने घरों में इस्तेमाल करते हैं। ऐसे कछुआ के अच्छे दाम मिलते हैं। तस्करों ने पहले भी इसी प्रकार कछुआ बेचा था। नेवई पुलिस फिलहाल तस्करों से पूछताछ कर रही है। वहीं कछुए की पहचान के लिए वन विभाग को सूचना भी दी गई है।

## सूने मकान में चल रहा था ऑनलाइन सट्टा, तीन गुर्गे पकड़ाए, करोड़ों के लेनदेन का खुलासा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस की ऑनलाइन सट्टा कारोबारियों पर कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में सुपेला पुलिस ने कोहका हाउसिंग बोर्ड के एक सूने मकान में चल रहे ऑनलाइन सट्टे खुलासा किया है। यहां पर पुलिस ने तीन सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से करोड़ों के लेनदेन का खुलासा किया है। पुलिस ने यहां से 2 लैपटॉप, 9 मोबाईल व सट्टा का हिसाब किताब की रजिस्टर बरामद की है जिसमें करोड़ों के लेनदेन का जिक्र है।



इस मामले का खुलासा करते हुए डॉ अभिषेक पल्लव ने बताया कि स्मृति नगर चौकी एवं थाना सुपेला की संयुक्त टीम हाउसिंग बोर्ड कालोनी कोहका के मकान में महादेव ऐप से सट्टा खिला रहे तीन गुर्गों को पकड़ा है। आरोपियों से पूछताछ करने पर बताया कि महादेव आईडी लेकर ऐप के माध्यम से आन लाईन सट्टे का संचालन किया जा रहा है। उनके ब्रांच द्वारा वेबसाईट के माध्यम से आम लोगों को सट्टाखेलने हेतु आईडी उपलब्ध कराकर सट्टे का कारोबार संचालित कर रहे है। ब्रांच द्वारा आन लाईन सट्टा खिलाया जा रहा था। यहां पर करोड़ो रुपए के अवैध लेनदेन का पता चला है।

यहां पर ऑनलाइन सट्टा का सेटअप कैंप 1 भिलाई निवासी नसीम खान द्वारा चलाया जा रहा था। मौके से पुलिस ने कैंप 1 निवासी मुकेश कुमार, दीपक उर्फ दीपू तथा श्रीकांत उर्फ चिन्ना को गिरफ्तार किया है। खासबात यह है कि इस ब्रांच को तीन दिन पहले ही नागपुर(महाराष्ट्र) से भिलाई शिफ्ट किया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी दुर्गेश कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक युवराज देशमुख, आरक्षक जुनैद सिद्धीकी, जयनारायण यादव, आशीष यादव, तुषार कुमार, जी. लक्ष्मी का विशेष योगदान रहा।

## दिवाली शॉपिंग करके लौट रहे पिता-पुत्र से बंदूक की नोक पर लूट

**बिलासपुर।** दिवाली की शॉपिंग करके घर लौट रहे पिता और पुत्र लूट के शिकार हो गए। लुटेरों ने बंदूक दिखाकर स्कूटी सवार पिता पुत्र को बीच सड़क रोका और उनसे कपड़े से भरा बैग और कैश छीन लिया। घटना बिलासपुर सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। लूट के शिकार पिता-पुत्र की शिकायत पर पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस ने बताया कि महिमा विहार निवासी राजेश वाधवा (50) जांजगीर चांपा जिले के चांपा में किसी आयरन कंपनी में काम करते है। दिवाली के चलते राजेश पिछले दिनों अपने घर आया था। इस बीच शनिवार शाम को वह अग्रसेन चौक स्थित दुकानों में शॉपिंग के लिए गया था। शॉपिंग के बाद दोनों वापस लौट रहे थे। रिंग रोड के पास स्कूटी से पहुंचे ही थे कि इतने में बाइक में 2 बदमाश आ गए। दोनों ने बाप-बेटे को रोक लिया। कपड़ों से भरा बैग और उनके पास रखे कुछ कैश छीन लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफकेस दर्ज कर लिया है।

## दीपावली के एक दिन पहले पुलिस ने पकड़ा लाखों का जुआ

**भिलाई।** दीपावली के एक दिन पहले उतई पुलिस ने लाखों का जुआ पकड़ा। पुलिस को खबर मिली थी कि उतई थाना क्षेत्र में एक जगह जुआ चल रहा है। पुलिस ने दबिश देकर वहां रेड मारी और एक लाख 62 हजार रुपए जब्त कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया। शहर में दीपावली के पहले पुलिस लगातार जुआ और सट्टा पर कार्रवाई कर रही है। इसी के तहत रविवार रात यह फड़ पकड़ा गया। पुलिस ने 9 लोगों को रंगे हाथों जुआ खेलते पकड़ा। उनके पास से नगदी 1 लाख 62 हजार रुपए के अलावा 6 मोबाइल भी जप्त किए हैं। उतई में चल रहे इस



जुए में रायपुर और भिलाई से लोग शामिल हुए थे।

#### रायपुर से पहुंचे उतई

उतई में जुआ खेल रहे आरोपियों में खेमेश्वर साहू पिता पंचराम साह उम्र 30 वर्ष ग्राम मील पारा उतई , कृपाशंकर सिंह पिता रामसिंह उम्र-22वर्ष से 02, जितेन्द्र साहू पिता स्व. बुधराम साहू उम्र 30 वर्ष पता-खदान पारा उतई, कृष्णकांत यादव पिता स्व. बाबूलाल यादव उम्र 30 वर्ष पता- मील पारा उतई थाना-उतई ,चित्रांशु नोरके पिता स्वय महेश्वर प्रसाद नोरके उम्र-17 वर्ष पता- मील चारा उतई, मनीष सोनवानी चिता ईश्वरीलाल सोनवाचनी उम्र 30 वर्ष ग्राम फरगाडीह ,जिल्लू उर्फ जितेन्द्र केपलानी पिता रमेशकुमार केपलानी- उम्र 30 वर्ष पता-रायपुरा इन्दुफ्लस कालोनी थाना-डीडी नगर रायपुर, आकाश उपाध्याय पिता विमलनारायण उपाध्याय उम्र- 32वर्ष कुशालपुर रामपुर थाना- पुरानी बस्ती रायपुर, राकेश साहू पिता चैचराम लाई उम्र-34 वर्ष पता-मीलपारा उतई शामिल है।

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### पिंक अक्टूबर का आयोजन

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस विभाग द्वारा पिंक अक्टूबर का आयोजन किया गया। यूथ रेडक्रॉस की प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश न` बताया कि भारत में हर दस में स` एक महिला बेस्ट कैंसर से पीडित है और विशेषज्ञों का मानना है कि इससे पींड़ित महिलाओं की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। इस रोग की गंभीरता को देखत` हुए इसकी जागरूकता के लिए सम्पूर्ण अक्टूबर माह पिंक अक्टूबर के रूप में मनाया जाता है। इस तारतम्य में छात्राओं हेतु यूथ रेडक्रॉस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि अव्यवस्थित जीवनशैली और जागरूकता की कमी के कारण वर्त मान युवा पीढ़ी अनेक शारीरिक एवं मानसिक रोगों से ग्रसित हो रही है। अतः ये आवश्यक है कि नियमित दिनचर्या, उचित खानपान, व्यायाम, योगा को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनावें। यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश क` अनुसार इस रोग को टाला जा सकता है यदि सही सावधानी और परामर्श का पालन किया जाए। महिलाओं को लक्षणों की जानकारी होने पर, विशेषकर से तत्काल उपचार करवाना चाहिये। कु तबस्सुम ने लक्षणों, बचाव एवं सावधानियों की जानकारी दी।

### जरुरतमंद बच्चों के चेहरे खिले

# मां शारदा चेरिटेबल ट्रस्ट की वजह से मिली दिवाली की खुशी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। खुशियां बांटने के लिए किसी कारण के होने की जरूरत नहीं होती, बस एक कोशिश और संकल्प होता है जो उदास चेहरे पर मुस्कान बिखेरने के लिए काफी होता है। ऐसा ही एक संकल्प मां शारदा चेरिटेबल ट्रस्ट ने लिया। दूसरों के जीवन में खुशियां बिखेरने का संकल्प लेकर काम कर रही ट्रस्ट ने दीपावली के एक दिन पहले जरूरतमंदों को मिठाइयां, दीपक, तेल, और पूजन सामग्री देकर उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेरी।**



नेहरू नगर स्थित ट्रस्ट के कार्यालय लिबास में रविवार की शाम तीन सौ से ज्यादा लोग पहुंचे। उन्हें ट्रस्ट के लोगों ने मिलकर सारी साम्रगी बांटी।

सामान पाकर बच्चों और महिलाओं ने कहा कि यहां इतने सम्मान और प्यार से साथ उन्हें यह सारा सामान दिया गया। जिसे पाने के बाद अब उनके घर में भी दीपावली पर दीये जल सकेंगे। कार्यक्रम के आयोजक और ट्रस्टी डॉ संतोष राय ने बताया कि पिछले 10 साल से वे अपने सदस्यों के साथ जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि खुशियां बांटने के लिए शुरुआत करने की जरूरत है, लोग अपने आप जुड़ते चले जाते हैं।

# पीएम आवास के अधूरे मकान जल्द होंगे पूरे, भिलाई निगम ने शुरू की तैयारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर निगम क्षेत्र में पीएम आवास योजना के तहत अधूरे मकानों को जल्द पूरा किया जाएगा। चार साल पहले शुरू हुआ निर्माणकार्य फंड की कमी से रुक गया था। आवासों के लिए बिल्डिंग का स्ट्रक्चर तो खड़ा हो गया, लेकिन अन्य कार्य अधूरे रह गए। भिलाई में नव पदस्थ आयुक्त की पहल पर निगम प्रशासन निर्माण कार्य दोबारा से शुरू करने जा रहा है। निगम क्षेत्र में योजना के तहत कुल 10 स्थानों पर कुल 3097 पीएम आवास के भवन तैयार किए जा रहे हैं।**

इसमें खम्हरिया में माइल स्टोन स्कूल के पास, ग्रीन वैली, सूर्या विहार मॉल के पीछे के पीछे दो अलग-अलग जगह, कृष्णा इंजीनियर कॉलेज के पीछे और एनार स्टेट में बनाए जा रहे हैं। लेकिन निगम में फंड की कमी के चलते पीएम आवास का निर्माण नहीं हो सका है। इसके अलावा बने आवासों में बिजली व पानी




की समुचित व्यवस्था नहीं कि जा सकी है। इसके चलते लोगों ने आवास योजना के लिए आवेदन करना ही बन्द कर दिया। हाउसिंग बोर्ड के पीछे तैयार 312 भवनों में केवल 188 आवंटित हुए हैं।

कोहका में रजत बिल्डर्स के पास और अविनाश मेट्रो पॉलिश में आवास प्रस्तावित थे। दोनों जगहों पर कुल 3097 भवन बनने के लिए करीब चार साल पहले टेंडर जारी कर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया। सभी प्रोजेक्ट को दो साल के भीतर पूरा करना था। एजेंसी ने बिल्डिंग तैयार किया है। शहर में संचालित पीएम आवास योजना में आवास का कार्य चार साल पहले शुरू किया गया। इसके लिए सभी जगहों पर अलग-अलग एजेंसी को काम दिया गया। एग्रीमेंट के 30, 50 और 70 फीसदी काम पूरा होने भुगतान होना है।

# बीएसपी और राउरकेला प्लांट के कामगारों को सीएसवीटीयू देगा ट्रेनिंग, एक्ट में किया गया बदलाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी व राउरकेला के इस्पात श्रमवीरों को प्रशिक्षित करने का काम सीएसवीटीयू करेगा। उन्हें प्रॉपर ट्रेनिंग दी जाएगी। इससे उन संस्थानों में भी कुशल और अर्धकुशल कर्मचारी मिल सकेंगे। इसी तरह 11 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित एक्ट में परिवर्तन किया गया है। बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज व ईडी (कार्मिक एवं प्रशासन) अब सीएसवीटीयू के कार्यपरिषद के पदेन सदस्य होंगे।

शैक्षणिक और प्रशासनिक पदों पर नियमित भर्ती की जाएगी। इसके लिए सिर्फ शासन की अनुमति का इंतजार है। इसके अलावा विश्वविद्यालय को डीजीपीएस और यूएवी सर्वेक्षण के लिए राजकीय एजेंसी बनाया गया है। यह पूरे देश का पहला संस्थान है जो अपने ही संसाधनों पर निर्भर है और राज्य के विभिन्न संस्थानों से मिले निर्देश के अनुसार सर्वेक्षण करेगा। इससे छात्रों को लाभ होगा।

सीएसवीटीयू को डीजीपीएस और यूएवी सर्वेक्षण के लिए राजकीय एजेंसी बनाया गया है। यह पूरे देश का पहला संस्थान है जो अपने ही संसाधनों पर निर्भर है और राज्य के विभिन्न संस्थानों से मिले निर्देश के अनुसार सर्वेक्षण करेगा। इससे यहां से पढ़ रहे विद्यार्थियों को न केवल अभ्यास करने का मौका मिलेगा, बल्कि पढ़कर निकले विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर मिलेगा। जल्द ही यहां पायलट प्रशिक्षण भी होगा। सीएसवीटीयू के कुलपति बताया कि सर्वेक्षण से राज्य की गुणवत्ता विकास सुनिश्चित होगा। इससे राज्य सरकार की समय, श्रम और पैसे तीनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि सीएसवीटीयू के शिक्षण विभाग में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस व डाटा एनालिसिस के दो बीटेक ऑनर्स और माइनिंग व फायर सेफ्टी के दो डिप्लोमा जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

सीएसवीटीयू में खेल के जरिए युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने के लिए क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बीटेक, डिप्लोमा, एमटेक व फार्मेसी के छात्र-छात्राएं एक साथ खेल सकेंगे। इसमें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया जा रहा है, ताकि तकनीकी शिक्षा के छात्र लोक खेलों से भी परिचित हो सकें। समय सारणी की वेबसाइट पर है। उन्होंने बताया कि स्किल डेवलपमेंट का क्रियान्वयन अधिक तेजी और मजबूती के साथ किया जा रहा है। इससे प्रदेश के आदिवासी छात्र-छात्राओं के साथ साथ वनांचल क्षेत्र के में रहने वाले युवा अधिक लाभान्वित हो रहे हैं। इसकी वजह से स्किल डेवलपमेंट का काम किया जा रहा है।

# एमजे कालेज फार्मेसी विभाग के प्राचार्य विजेन्द्र सूर्यवंशी को सीएसवीटीयू ने पीएचडी प्रदान की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** एमजे कालेज फार्मेसी विभाग के प्राचार्य विजेन्द्र सूर्यवंशी को छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रदान की है। सूर्यवंशी ने ड्रग डिलिवरी की नई तकनीक ईजाद की है जिसमे गौ-घृत का उपयोग रक्त में वसा की मात्रा को नियंत्रित करने की औषधि में प्रयुक्त होगा। यह शोध हाईपर-लिपिडिमिक रोगियों को सस्ती दवा उपलब्ध कराने की दिशा में सहायक सिद्ध होगी।

सूर्यवंशी ने अपना शोधकार्य डॉ चंचलदीप कौर, प्राचार्य रूंगटा फार्मेसी कालेज, रायपुर एवं डॉ सुहास नारायण साकरकर, प्राचार्य फार्मेसी जीएच रायसोनी यूनिवर्सिटी के निर्देशन में पूरा किया। इस शोध कार्य में शासकीय कन्या पॉलीटेक्नीक रायपुर के फार्मेसी विभाग के वरिष्ठ




व्याख्याता डॉ खोमेन्द्र कुमार सार्वा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। रक्त में मुख्य दवा की सही मात्रा को पहुंचाना एक बड़ी चुनौती होती है। जल में अघुलनशील दवाओं के मामले में यह और भी कठिन हो जाता है। रोजुवास्टैटिन इसी श्रेणी की एक दवा है। यह दवा शरीर से अवांछित वसा को कम करती है. श्री सूर्यवंशी ने डेवलपमेन्ट ऑफ ड्रग फार्मूलेशन विथ क्लैरिफाइड बटर फॉर इम्प्रूविंग ड्रग परमिएशन कैरेक्टरिस्टिक शीर्षक के अपने शोध के तहत गाय के घी का शोधन कर एक नया फार्मूला तैयार किया है।

इस नवाचार प्रयोग का उद्देश्य मुख्य दवा के बायो-अवेलेबिलिटी को बढ़ाना था। यह शोध परिणाम तीन अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक जर्नल में प्रकाशित हुआ है। एमजे ग्रुप ऑफ एजुकेशन की निदेशक डॉ श्रीलेखा विरुलकर, एमजे कालेज के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार चौबे, एमजे कालेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डैनियल तमिलसेलवन एवं स्टाफ के सभी सदस्यों ने डॉ विजेन्द्र सूर्यवंशी को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शोध समिति के द्वारा सात दिवसीय ''इनोवेटिव टेऊन्ड्स इन रिसर्च'' कार्यशाला का अयोजन किया गया।



विभिन्न विषयों में शोधरत् छात्राओं एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिये महत्वपूर्ण इस कार्यशाला में नवीन, बौद्धिक और शैक्षिक उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। आरम्भ सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शोध के क्षेत्र में नवाचार एवं सारगर्भित जानकारियाँ अत्यन्त आवश्यक है जो शोधकार्य को गुणवत्तापूर्ण बनाने में सहायक होती है। स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों को शोध के विभिन्न आयामों से परिचित होना आवश्यक है जिससे आगे जब वे इस क्षेत्र में कार्य करें तो उन्हें सैद्धांतिक एवं प्रयोगिक कार्य में कठिनाई न हो। कार्यशाला की संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि उच्च स्तरीय अनुसंधान में उच्च उपकरणों के अनुप्रयोग की तकनीक जानना प्रत्येक शोधार्थी के लिए आवश्यक है जिसके लिए उपयोगी एवं व्यवहारात्मक विषयवस्तु का चुनाव करने की क्षमता का विकास करने के लिए इस सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अनुसंधान में नवीन प्राविधियाँ, स्टैटिक्स के मूलभूत सिद्धांत, शोध पत्रिकाओं का चुनाव, शोधपत्रों का प्रकाशन, शोधपत्रों की प्रस्तुति, प्लेगरिज्म की जानकारी विभिन्न विषय-वक्ता द्वारा प्रदान की गई। जिसमें आरएसआर रूंगटा कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. आजनेय शर्मा, डॉ. रंजिता तिवारी मिश्रा, डॉ. प्रीति नवीन यादव, डॉ. लोकेश सिंह, सुश्री शिरीन कौसर, डॉ. अनुराग शर्मा ने प्रतिदिन उपस्थित होकर विद्यार्थियों को सारगर्भित जानकारी दी।

# दुर्ग महापौर ने बिखेरी फुटपाथ पर बैठे गरीब बुजुर्ग के चहरे पर खुशी, रास्ते में रूक कर खरीद लिया उसका सारा सामान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग । दीपावली के पावन पर्व पर दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल शहर के गरीबों को खुशी बांटने में विशेष रूप से सक्रिय है। रविवार को महापौर की सहृदयता का एक और वाकया सामने आया। जब महापौर से सड़क किनारे धूप में एक गरीब बुजुर्ग को ग्राहक का इंतजार करते देखा। उन्होंने तत्काल अपनी वाहन को रुकवाया और उसका सभी समान खरीद लिया। जिससे बुजुर्ग का चेहरा खिल उठा और उसके चेहरे पर रौकन आ गई।**

दरअसल महापौर धनतेरस पर शहर की व्यवस्था देखने निकले थे। गांधी प्रतिमा के पास से गुजरने पर उनकी नजर एक बुजुर्ग पर पड़ी। यह बुजुर्ग दीपावली पर्व पर धान की झालर व दीये बेच कर अपने परिवार के



लिए खुशियां खरीदने ग्राहक का इंतजार कर रहा था। महापौर ने तत्काल अपने वाहन को रूकवाया और बुजुर्ग के पास पहुंचे। स्नेह का भाव प्रकट करते हुए उन्होंने बुजुर्ग के सभी दीयों, धान की झालर और माता लक्ष्मी गणेश की मूर्ति को खरीद लिया। महापौर की इस संवेदनशीलता को देख बुजुर्ग की आंखें खुशी से नम हो गई और और आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सराहना की। शहर विधायक अरुण वोरा के मंशा के अनुरूप महापौर धीरज बाकलीवाल ने सभी सामग्री गरीब परिवार में वितरित करने के निर्देश अपने स्टाफको दिए। उन्होंने कहा कि, बीते दो साल दीपावली की त्योहारी सीजन का बाजार कोरोना की वजह से बहुत ज्यादा प्रभावित रहा। इस बार बाजार में भरपूर रौनक दिखाई दे रहा है। महापौर ने बुजुर्ग व्यक्ति के चहरे पर मुश्कान लेकर उन्हें दीपावली की बधाई व शुभकामनाएं दी, महापौर ने कहा कि,स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना हम सबकी जिम्मेदारी है। महापौर ने शहर के नागरिको से अपील कर कहा कि आप भी आगे आये, ऐसे लोगो की मदद करें। इससे न सिर्फ परिवार का भरण पोषण होगा बल्कि सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भी होगा।

# अब नही होगी किसी जरूरतमंदों की दीवाली फीकी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जन समर्पण सेवा संस्था, दुर्ग द्वारा दिनांक 19 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक दुर्ग जिले के अलग अलग स्थान जिसमें वृद्धाआश्रम, अनाथ हॉस्पिटल बालआश्रम, मंदबुद्धि स्कूल, दुर्ग स्टेशन, समृद्धि बाजार के पास, बस स्टैंड एवं शहर के अन्य स्थानों में जीवन यापन कर रहे गरीब, असहाय, महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे जिनके पास या तो घर नही है या फिर भीख मांगकर फुटपात में रहे रहे है सभी महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों को नये कपड़े, मिष्ठान, नमकीन, रंगीन फटाखे, का वितरण करके खुशियों की दीपवाली सप्ताह बनाया जा रहा है।**




देश में गरीब बच्चों का मन भी दीवाली में पटाखे जलाकर मिठाई खाने का होता है, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण ऐसे घरों के बच्चे अपना मन मार कर रह जाते हैं. अब से पहले आसमान में छूटने वाले पटाखों को देखकर ही गरीब बच्चे खुश हो जाते थे. लेकिन इस बार दुर्ग जिले में जन समर्पण सेवा संस्था, ऐसे गरीब बच्चों एवं बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने के लिए उनकी बस्ती, फुटपात, आश्रम, और मोहल्ले तक पहुँच रही है, संस्था द्वारा इस वर्ष की दीपावली पर्व पर जरूरतमंदों की खुशियों की दीपवाली सप्ताह बना रही है, जिसमें दिनाँक 19 से 23 अक्टूबर तक जिले के गरीब बच्चों एवं जरूरतमंदों को नया कपड़े, पटाखे, मिठाई, नमकीन, साबुन, निरमा, बिस्किट, चॉकलेट का वितरण किया जा रहा हैं. पटाखे और मिठाई पाकर ये बच्चे एवं जरूरतमंद लोग गदगद हो रहे है आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की दीपावली फीकी नहीं हो, वो भी नया कपड़ा पहनकर, फटाखे जलाये और उनका मुँह मीठा हो, जन समर्पण सेवा संस्था, दुर्ग ने इसका बीड़ा उठाया है।

### दूसरे दिवस की सेवा

संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि जरूरतमंदों के साथ खुशियों की दीपावली सप्ताह के दूसरे दिवस संस्था द्वारा दुर्ग वृद्धाआश्रम में निवास कर रहे बुजुर्गों में महिलाओं को नयी साड़ी, पुरुषों को नया कुर्ता पैजामा एवं सभी बुजुर्गों को खुशियों की दीवाली बनाने हेतु मिष्ठान, नमकीन, बिस्किट, प्लास्टिक बर्तन, साबुन, निरमा एवं अन्य जरूरत की सामग्री वितरण की गयी, संस्था के शिशु शुक्ला ने बताया कि पिछले 2 दिन में लगभग 200 से अधिक गरीब बच्चों, एवं 110 से अधिक महिलाओं एवं पुरुषों को दीपावली के लिए जरूरत की सामग्री का वितरण किया गया जा चुका है, जिसे देखकर सभी बच्चे, बुजुर्ग महिलाएं एवं पुरुष अति उत्साहित होकर संस्था के सदस्यों को धन्यवाद दिए। संस्था द्वारा दिनाँक 22 अक्टूबर खुशियों की दीपवाली सप्ताह में भिलाई पवार हाउस स्टेशन, भिलाई के विक्षित बुजुर्गो का आश्रम नेहरूनगर फुटपात में जरूरतमंद बच्चों एवं गरीबो को नया कपड़ा, मिठाई, नमकीन एवं अन्य जरूरत की सामग्री वितरण की जावेगी। इस सभी सेवा कार्य में विशेष रूप से डॉ मानसी गुलाटी, पायल कुमंट, नवकार परिवार, नविता शर्मा, रुपल गुप्ता, डॉ गुंजा पींचा, शिशु शुक्ला, आशीष मेश्राम, प्रकाश कश्यप, राहुल शर्मा, राजेन्द्र ताम्रकार, आकाश जायसवाल, सूरज साहू कान्हा चंद्रवंशी, अर्जित शुक्ला, ईशान शर्मा, ईश्वर साहू, मृदुल गुप्ता, सुजल शर्मा, मोहित पुरोहित, ऋषि गुप्ता, वेदांत शर्मा, वाशु शर्मा, आकाश राजपूत, बिट्टू यादव, दद्दू ढीमर, संजय सेन, हरीश ढीमर, शुभम सेन, भागवत पटेल,शिबू खान उपस्थित थे।

# दीपावली के पहले निगम के 2 हजार कर्मियों के खाते में वेतन और अग्रिम की रकम पहुँची, कर्मचारियों में हर्ष

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। दुर्ग नगर निगम के कर्मचारियों के चेहरे खिल गए. निगम के 2 हजार नियमित कर्मियों के खाते में वेतन और अग्रिम एडवांस की रकम डाल दी गई है. दीपावली पर्व को देखते हुए। प्रत्येक नियमित कर्मचारियों को अग्रिम एडवांस का भुगतान कर दिया गया है. निगम के 2 हज़ार नियमित और प्लेसमेंट कर्मचारियों को दिपावली के पूर्व उनके खाते वेतन और अग्रिम एडवांस खाते में जमा करवाया गया।**

महापौर धीरज बाकलीवाल और निगमायुक्त लोकेश चंद्राकार ने दीपावली पर्व को देखते हुए वेतन एवं अग्रिम की राशि खाते में जमा कराते हुए दीपावली पर्व की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं अधिकारी व कर्मचारियों को दी. लेखाधिकारी राजकमल बोरकर की गंभीरता के कारण समय पर निगम कर्मियों को वेतन एवं अग्रिम एडवान्स राशि का भुकतान किया।आयुक्त ने अधिकारी और कर्मचारियों से कहा कि राज्य शासन के निर्देशनुसार निगम द्वारा सर्वप्रथम यहां निर्णय लिया गया कि सबसे पहले कर्मचारियों का भुगतान होने से वह अपने परिवार के साथ दीपावली त्योहार की तैयारी कर सके।लेखा अधिकारी राज कमल बोरकर ने बताया है कि 2 हज़ार कर्मचारियों के वेतन के साथ-साथ सभी ठेकेदारों लगभग भुगतान को भी भुगतान कर दिया गया है।

दीपावली पूर्व त्योहार अग्रिम एडवांस 10000 की राशि निगम कर्मियों को दिए जाने पर कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों शिव शर्मा, दुर्गेश गुप्ता,अनिल सिंह, संजय मिश्रा,शशि यादव,ईश्वर वर्मा, ईश्वर वर्मा एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा आयुक्त लोकेश चंद्राकार से मुलाकात कर निवेदन किया था इसके लिए कर्मचारी संघ के पदाधिकारियो ने महापौर और आयुक्त का धन्यवाद व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950